वर्ष 24, अंक 178, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 6 जनवरी 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## 'Indian Coast Guard से टकराने की हिम्मत मत करना'



**नई दिल्ली**
रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने देश की तटरेखा को शत्रुओं के लिए अछूत बना दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि तटरक्षक बल ने शत्रुओं के मन में ऐसा भय पैदा कर दिया है कि यदि कोई सीमा की ओर देखने की भी हिम्मत करेगा, तो तटरक्षक बल उसे नहीं छोड़ेगा।
आईसीजी के पहले प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रताप' के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि हमारे तटरक्षक बल ने हमारे शत्रुओं के मन में ऐसा भय पैदा कर दिया है कि यदि कोई हमारी सीमा की ओर देखने की भी हिम्मत करेगा, तो तटरक्षक बल उसे ऐसा करने की स्थिति में नहीं छोड़ेगा।
रक्षा मंत्री ने कहा कि 'समुद्र प्रताप' का शुभारंभ देश की व्यापक समुद्री दृष्टि से जुड़ा है, जो यह मानती है कि समुद्री संसाधन किसी एक राष्ट्र की संपत्ति नहीं बल्कि मानवता की साझा विरासत हैं। उन्होंने कहा कि जब विरासत साझा होती है, तो उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी साझा होती है। यही कारण है कि भारत आज शांति, स्थिरता और पर्यावरण संबंधी जिम्मेदारी के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित होकर वैश्विक मंच पर मजबूती से खड़ा है।
भारत को एक जिम्मेदार समुद्री शक्ति बताते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, "ऐसे समय में जब दुनिया वैश्विक समुद्री अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है, भारत ने बार-बार यह साबित किया है कि वह न केवल अपने हितों की रक्षा करता है, बल्कि पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता भी सुनिश्चित करता है। साथ मिलकर आगे बढ़ने का यही समावेशी दृष्टिकोण भारत को एक जिम्मेदार समुद्री शक्ति बनाता है।" रक्षा मंत्री ने कहा, "हमें समुद्री शासन के क्षेत्र में मानदंड निर्धारित करने होंगे, क्षमता निर्माण पहलों को मजबूत करना होगा और सहयोगात्मक ढांचों को आगे बढ़ाना होगा। भारतीय तटरक्षक बल को अपने परिचालन सिद्धांतों, संस्थागत प्रथाओं और तकनीकी नवाचारों को ऐसे उच्च मानकों तक पहुंचाना होगा कि उनकी सर्वोत्तम प्रथाओं का विश्व स्तर पर अनुसरण किया जाए।"
उन्होंने आगे कहा, "पिछले कुछ वर्षों में, भारतीय तटरक्षक बल ने खुद को क्षेत्रीय मानक स्थापित करने वाले के रूप में स्थापित किया है। अब समय आ गया है कि इस भूमिका को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाया जाए और वैश्विक नेतृत्व की ओर निर्णायक रूप से कदम बढ़ाया जाए।" रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित किए जा रहे दो प्रदूषण नियंत्रण पोतों (पीसीवी) की श्रृंखला में पहले पोत, भारतीय तटरक्षक पोत (आईसीजीएस) 'समुद्र प्रताप' को कमीशन किया। इस अवसर पर गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत भी उपस्थित थे।

## एसआईआर प्रक्रिया पर ममता बनर्जी ने उठाए गंभीर सवाल



**पश्चिम बंगाल**
**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि ईसीआई व्हाट्सएप पर चल रहा है। सोमवार को मुरीगंगा नदी पर गंगानगर सेतु की आधारशिला रखने के बाद उन्होंने ये टिप्पणी की। गंगासागर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि चुनाव आयोग व्हाट्सएप पर चल रहा है। मुझे यह कहते हुए बहुत दुख हो रहा है, लेकिन एक दिन ऐसा चुनाव आयोग खत्म हो जाएगा। टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के पहले के बयानों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया का इस्तेमाल बंगाल को परेशान करने के लिए किया जा रहा है। अभिषेक बनर्जी ने पहले दावा किया था कि एसआईआर अभ्यास के दौरान 45 लोगों की जान चली गई, छह लोग अस्पताल में भर्ती हुए और 29 बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) ने आत्महत्या का प्रयास किया। उन्होंने चुनाव आयोग पर पार्टी द्वारा उठाए गए बुनियादी सवालों का जवाब न देने का भी आरोप लगाया था।
अभिषेक बनर्जी ने पहले आरोप लगाया था, "चुनाव आयोग की सभी नीतियां व्हाट्सएप के जरिए बनाई जा रही हैं।

**मुलाकात...**



## पीएम मोदी से मिले सीएम योगी, मंत्रिमंडल विस्तार और मिशन 2027 पर हुआ मंथन

## बांग्लादेश में एक और हिंदू की गोली मारकर हत्या, 3 हफ्ते में 5वीं वारदात

**बांग्लादेश**
**बांग्लादेश** में एक और हिंदू की गोली मारकर हत्या कर दी गई है. यह घटना जेस्सोर जिले के मोनिरामपुर में सोमवार (05 जनवरी, 2026) की दोपहर की है, जब कट्टरपंथियों ने राणा प्रताप बैरागी नाम के हिंदू युवक की सरेआम गोली मारकर जान ले ली. पड़ोसी देश में चुनाव करीब हैं, लेकिन हिंदुओं पर अत्याचार की खबरें रुकने का नाम नहीं ले रही हैं।

## चौराहे पर फांसी दे देनी चाहिए... राहुल गांधी और रेवंत रेड्डी को लेकर ये क्या बोल गए KTR




**तेलंगाना**
**भारत** राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को तेलंगाना की जनता को धोखा देने के लिए "कई बार फांसी दी जानी चाहिए"। पार्टी के एक बयान के अनुसार, यह बयान मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की पिछली टिप्पणियों के जवाब में आया है, जिसमें उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की कड़ी आलोचना की थी और नदी जल बंटवारे में तेलंगाना के हितों को कथित तौर पर नुकसान पहुंचाने और सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से अवैध रूप से धन कमाने के लिए उन्हें मृत्युदंड देने की मांग की थी।
मुख्यमंत्री की टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए केटीआर ने कहा कि अगर टूटे वादों को भी ध्यान में रखा जाए, तो यह हिसाब लगाना मुश्किल है कि कांग्रेस नेताओं को कितनी बार फांसी दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा अशोक नगर अड्डा में दो लाख नौकरियों का वादा पूरा न करने, वारंगल में कृषि ऋण माफी योजना लागू न करने और कामारेड्डी में बीसी समुदाय के लिए 42% आरक्षण के वादे से मुकरने के लिए कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ जनता को अपना फैसला सुनाना चाहिए। उन्होंने आलोचना करते हुए कहा कि 420 वादों को तोड़ने के लिए कांग्रेस जनता द्वारा 420 बार दंडित किए जाने की पात्र है। पार्टी के बयान के अनुसार, केटीआर ने कहा कि रेवंत रेड्डी को केवल गाली देना आता है।

## परिसीमन ने बदला असम का सियासी समीकरण?

**असम**
**असम** के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने रविवार को कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में उसके सहयोगी मार्च-अप्रैल में होने वाले विधानसभा चुनावों में 126 सीटों में से 103 सीटें जीतने की संभावना रखते हैं। सरमा ने कामरूप महानगरपालिका जिले के दिमोरिया में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि मैं सटीक आंकड़ा नहीं देना चाहूंगा, लेकिन इस बार हमारे पास 103 सीटें जीतने का मौका है। पहले यह संभावना लगभग 90 सीटों की थी, लेकिन सीटों के परिसीमन के बाद यह संख्या 13-15 सीटों से और बढ़ गई है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव द्वारा शनिवार देर रात जारी अधिसूचना में कहा गया है कि पार्टी नेता प्रियंका गांधी वाड्रा को आगामी असम विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। चुनाव आयोग (ईसी) ने अगस्त 2023 में राज्य की 126 विधानसभा सीटों और 14 लोकसभा सीटों का परिसीमन पूरा कर लिया था।

## उत्तराखंडः हरिद्वार में लगी दुकानों में भीषण आग, काफी मशक्कत के बाद दमकल विभाग ने पाया काबू



**उत्तराखंड**
उत्तराखंड के हरिद्वार शहर कोतवाली क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब बाजार में स्थित कई दुकानों में अचानक भीषण आग लग गई. आग की लपटें उठती देख आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई और दुकानदारों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई. इस घटना के समय बाजार में मौजूद लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए.
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में उसने कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया. आग की ऊंची लपटें और घना धुआं देख स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी. इस सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया. दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी. संकरी गलियों और लगातार फैलती आग के कारण रेस्क्यू कार्य में दिक्कतें आईं. काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया जा सका, तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली. इस भीषण आग की चपेट में आकर करीब चार दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गईं।

## यूपी पुलिस भर्ती की आयु सीमा में 3 साल की छूट, सीएम योगी बोले

## युवाओं का हित हमारी प्राथमिकता



**उत्तर प्रदेश**
**उत्तर प्रदेश** में पुलिस विभाग ने आरक्षी (सिपाही) और उसके समकक्ष करीब 32 हजार से ज्यादा पदों पर भर्ती निकाली थी. इस भर्ती के नोटिफिकेशन जारी होने के बाद अभ्यर्थियों की आयु सीमा बढ़ाये जाने की मांग लगातार उठ रही थी. इसी बीच अब योगी सरकार ने यह मांग मानते हुए पुलिस विभाग की भर्ती में आयु सीमा में 3 साल की छूट दे दी है.
वहीं यूपी पुलिस की भर्ती में आयु सीमा में मिली 3 साल की छूट को लेकर खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी एक्स पर पोस्ट कर लिखा-"प्रदेश के युवाओं का हित हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है. इसी क्रम में यूपी पुलिस में कुल 32,679 आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 के अंतर्गत निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में सभी वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए 03 वर्ष का शिथिलीकरण प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया है. यह निर्णय उत्तर प्रदेश के लाखों युवाओं की आकांक्षाओं और परिश्रम के प्रति सम्मान का प्रतीक है. यूपी सरकार अपने परिश्रमी युवाओं के सपनों के साथ पूरी प्रतिबद्धता और विश्वास के साथ खड़ी है.
प्रदेश के युवाओं का हित हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।
इसी क्रम में @Uppolice में कुल 32,679 आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 के अंतर्गत निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में सभी वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए 03 वर्ष का शिथिलीकरण प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया
योगी सरकार द्वारा यह निर्णय उत्तर प्रदेश लोक सेवा (भर्ती के लिए आयु सीमा का शिथिलीकरण) नियमावली-1992 के नियम-3 के आलोक में लिया गया है. यह फैसला 31 दिसंबर 2025 को जारी भर्ती विज्ञप्ति के अनुक्रम में 5 जनवरी 2026 को जारी शासनादेश के माध्यम से लागू किया गया है, जिससे बड़ी संख्या में ऐसे अभ्यर्थियों को अवसर मिलेगा जो आयु सीमा के कारण अब तक भर्ती प्रक्रिया से बाहर हो रहे थे.
बता दें कि यूपी पुलिस भर्ती 2026 में अभ्यर्थियों की आयु सीमा को बढ़ाने की मांग नोटिफिकेशन जारी होते ही उठने लगी थी. इस मांग को विपक्ष के साथ-साथ बीजेपी विधायकों ने भी उठाया था.
जहां सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भी इस मांग को उठाया था, उधर बीजेपी विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने भी सीएम योगी आदित्यनाथ को चिट्ठी लिखी थी।

## माघ मेला क्षेत्र में क्रियायोग शिविर का शुभारंभ

### परमहंस योगानंद जी के अवतरण दिवस पर, स्वामी श्री योगी सत्यम जी महाराज किए उद्घाटन





**अखंड भारत संदेश**
**प्रयागराज। गुरुजी** स्वामी श्री योगी सत्यम जी के दिव्य उपस्थिति में क्रियायोग शिविर का शुभारंभ किया गया । बता दे की 5 जनवरी 2026 को महान योगी और आध्यात्मिक गुरु परमहंस योगानंद जी का अवतरण दिवस मनाया जाता है , इसी उपलक्ष्य में माघ मेला क्षेत्र स्थित शिविर का भी स्वामी श्री योगी सत्यम जी महाराज के द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया है । शिविर का उद्घाटन और महान योगी परमहंस योगानंद जी का अवतरण दिवस एक आध्यात्मिक स्वरूप में मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं और साधकों के लिए एक विशेष आयोजन किया गया । अवतरण दिवस समारोह के अंतर्गत महात्मा गांधी मार्ग और लोअर संगम मार्ग के चौराहे पर स्थित क्रियायोग माघ मेला शिविर का उद्घाटन सोमवार को सायं 5 बजे स्वामी श्री योगी सत्यम द्वारा किया गया। शिविर में क्रियायोग, ध्यान, साधना और आध्यात्मिक जीवन से जुड़े विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। आयोजकों के अनुसार, यह शिविर परमहंस योगानंद के आध्यात्मिक संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने और साधकों को आत्मिक उन्नति की दिशा में प्रेरित करने का माध्यम बनेगा।
इस पावन अवसर पर श्रेष्ठतम आध्यात्मिक राष्ट्र भारत, यू एस ए, कनाडा, ब्राजील, सिंगापुर, नीदरलैंड, साउथ अफ्रीका, नार्थ अफ्रीका, कोरिया, नेपाल, गयाना, स्विट्जरलैंड, फ्रांस आदि देशों के लोग उपस्थित हुए और क्रियायोग का अभ्यास किये।
शिविर से संबंधित विस्तृत जानकारी संस्था की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए श्रद्धालु और इच्छुक साधक www.kriyayoga-yogisatyam.org पर विजिट कर सकते हैं।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से गोवंश की मौत विहिप ने दी तहरीर, सुरक्षा पर उठे सवाल

**अखंड भारत संदेश**



**शंकरगढ़।** नगर पंचायत शंकरगढ़ के लाइनपार में रविवार की देर रात एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक गोवंश की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में काफी आक्रोश है और गोवंश की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

इस संबंध में विश्व हिंदू परिषद की ओर से थानाध्यक्ष शंकरगढ़ को शिकायती पत्र सौंपा गया है। लेटर पैड पर दिए गए शिकायती पत्र में बताया गया है कि क्षेत्र में अज्ञात और तेज रफ्तार वाहनों का अवैध रूप से संचालन लगातार हो रहा है, जिससे गोवंश की जान खतरे में है।

शिकायतकर्ता प्रखंड शंकरगढ़ के अध्यक्ष प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने पत्र में उल्लेख किया है कि नगर पंचायत शंकरगढ़ लाइनपार चौराहे के पास, बारा पावर प्लांट और अल्ट्राटेक गेट के आस,पास आए दिन इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। शिकायती पत्र में मांग की गई है कि ऐसे अज्ञात वाहनों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए, जिससे गोवंश की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# बकाया प्रोत्साहन राशि न मिलने से आक्रोशित आशा बहुओं का प्रदर्शन, सीएचसी जसरा पर धरना देकर सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**




**जसरा।** विकास खंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा में आशा बहुओं ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व सरोज कुशवाहा ब्लाक अध्यक्ष ने किया। ब्लाक अध्यक्ष ने कहा कि दो हजार मानदेय मजबूरी है, पच्चीस हजार जरूरी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्षों से लंबित भुगतान और प्रोत्साहन राशियों की अनदेखी से नाराज आशा वर्कर्स ने आंदोलन का रुख अख्तियार कर लिया है। उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन (ऐक्टू) के आह्वान पर आशा बहुओं ने सीएचसी जसरा परिसर में धरना-प्रदर्शन कर शासन-प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

आशा बहुओं का कहना है कि वे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत वर्षों से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार नियोजन, आयुष्मान भारत योजना, गोल्डन कार्ड निर्माण सहित अनेक महत्वपूर्ण कार्यों को जमीनी स्तर पर पूरी निष्ठा से अंजाम दे रही हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें समय से मानदेय और प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। वर्ष 2019 से लेकर अब तक कई मदों का भुगतान लंबित है। जिससे आशा कर्मी आर्थिक संकट से जूझ रही हैं।

आशा वर्कर्स यूनियन ने आरोप लगाया कि 6 अक्टूबर 2025 को ज्ञापन देने और इसके बाद माननीय मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री को मांग पत्र भेजे जाने के बावजूद सरकार ने न तो बकाया भुगतान किया और न ही समस्याओं के समाधान के लिए त्रिपक्षीय वार्ता बुलाने में कोई रुचि दिखाई। यूनियन का कहना है कि 30 अक्टूबर 2025 तक सभी बकाया आधार व प्रोत्साहन राशियों का भुगतान और वार्ता की तिथि तय करने की मांग की गई थी, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आशा बहुओं ने चेतावनी दी है कि अगर समय रहते हम सबका भुगतान नहीं किया गया तो इसकी पूरी जिम्मेदारी मिशन निदेशालय की मनमानी और सरकार की अनदेखी की होगी।

धरना-प्रदर्शन के दौरान आशा बहुओं ने एक स्वर में कहा कि जब तक उनका बकाया भुगतान नहीं किया जाएगा और सम्मानजनक व्यवस्था लागू नहीं होगी, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शन के बाद आशा कर्मियों ने सीएचसी जसरा के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर रन्नो देवी, शैल कुमारी, अनीता द्विवेदी, विनीता सिंह, माया पांडेय, रेखा देवी, किरन, उर्मिला, कुसुम, रामकली, अंजलि, सीमा सहित दर्जनों आशा बहुएं उपस्थित रहीं।

# छुट्टा पशुओं का आतंक, किसान बेहाल जसरा में फसल बर्बादी को लेकर प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन




**जसरा।** भारतीय किसान यूनियन (किसान) के पूर्वांचल प्रभारी राजीव चंदेल के मार्गदर्शन में सोमवार को किसानों ने छुट्टा पशुओं की भयावह समस्या को लेकर माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नाम बीडीओ जसरा सुनील सिंह को ज्ञापन सौंपा।

विकास खंड जसरा के तरहार क्षेत्र में छुट्टा पशुओं का आतंक किसानों के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है। मानपुर, कचरा, बरहुला, भभौर, बेलामुण्डी, गोझवार, मझियारी, महेरा, नगरवार, जगदीशपुर, तातारगंज, परसरा, चिल्ला और बसहरा तरहार समेत दर्जनों गांवों में आवारा पशु खेतों में घुसकर गेहूं, चना, सरसों सहित अन्य रबी की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे किसानों की महीनों की मेहनत और लागत दोनों पर पानी फिर रहा है।

किसानों का कहना है कि हालात इतने खराब हो चुके हैं कि उन्हें परिवार सहित रात-रात भर खेतों में पहरा देना पड़ रहा है। इसके बावजूद छुट्टा पशुओं के झुंड अचानक खेतों में घुसकर कुछ ही घंटों में खड़ी फसल तबाह कर देते हैं, जिससे किसानों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में संचालित गोशालाओं में ग्राम पंचायतों के छुट्टा पशुओं का समुचित संरक्षण नहीं हो रहा। जबकि प्रदेश सरकार द्वारा माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में गोवंश संरक्षण और गोशालाओं के संचालन हेतु पर्याप्त बजट आवंटित किया गया है। लेकिन जमीनी स्तर पर व्यवस्था लचर होने से किसानों को राहत नहीं मिल पा रही है।

ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने मांग किया है कि सभी छुट्टा पशुओं को तत्काल पकड़कर नजदीकी गोशालाओं में संरक्षित कराया जाए, गोशालाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। इस अवसर पर मंजू राज (मंडल अध्यक्ष), गुलाब ग्रामीण (प्रदेश उपाध्यक्ष), गौरव सिंह (जिला अध्यक्ष), जितेंद्र सिंह (मानपुर), विश्वनाथ सिंह, पृथ्वी सिंह, शिवेंद्र प्रताप सिंह, ओमप्रकाश शुक्ल, मनोरमा, पुष्पराज सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



# पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह का भाजपाइयों ने मनाया जन्मदिन

**करछना।** विधान सभा करछना में भरहा ग्राम पंचायत में भारतीय जनता पार्टी के कार्य कर्ता द्वारा राम भक्त पद्म भूषण उत्तर प्रदेश पूर्व मुख्य मंत्री कल्याण सिंह जी का जन्म दिवस मनाया गया जिसमे मुख्य रूप से निवर्तमान जिला अध्यक्ष यमुनापार भाजपा विनोद प्रजापति जी रिंकू सिंह राजकुमार मिश्र आनंद सिंह अमित सिंह पुष्प राज सिंह राम भवन द्विवेदी राघवेन्द्र मिश्र श्याम धर द्विवेदी बृजेश द्विवेदी सुनील प्रजापति आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे

# बारा पावर प्लांट में तैनात कर्मचारी की रहस्यमयी मौत, जांच में जुटी पुलिस



अर्जुन पाठक पुत्र दूधनाथ

**शंकरगढ़।** पीपीजीसीएल बारा पावर प्लांट में कार्यरत शंकरगढ़ के ग्राम कपारी निवासी अर्जुन पाठक (45) पुत्र दूधनाथ पाठक की सोमवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना दोपहर करीब 12 बजे की बताई जा रही है। अर्जुन की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद प्लांट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। कर्मियों द्वारा उन्हें आनन-फानन में एसआरएन अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल मौत के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल सका है, जिससे परिजनों में गहरा शोक और आक्रोश व्याप्त है।मृतक की पत्नी और तीन बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। घर का एकमात्र सहारा चले जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की खबर मिलते ही गांव कपारी सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।इस संबंध में प्लांट चौकी प्रभारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर हार्ट अटैक की आशंका जताई जा रही है, लेकिन वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और पीएम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# राष्ट्रीय रामायण मेला प्रयागराज सनातन धर्म ध्वज वाहक



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय रामायण मेला समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाले प्रतिवर्ष चतुर्दिवसीय आयोजन का शुभारम्भ 31 दिसम्बर 25 को मोक्षदायिनी माँ गंगा के विधिविधान पूजन -आरती से प्रारम्भ हुआ। दिनांक 7 जनवरी 2026 से 9 जनवरी 2026 तक श्री रामलीला कमेटी, कटरा के विशाल प्रांगण में राष्ट्रीय रामायण मेला का भव्य आयोजन समायोजित है। दिनांक 7 जनवरी को अपरान्ह 12 बजे जगद्गुरु स्वामी श्री शंकराचार्य वासुदेवानन्द सरस्वती जी महाराज के शुभाशीर्वचन से राष्ट्रीय रामायण मेला का मंगलमय उद्घाटन होगा। उद्घाटन दिवस में समिति द्वारा आयोजित सांस्कृतिक प्रतियोगिता में प्रयागराज के युवा एवं छात्र-छात्रायें अपने आध्यात्मिक भजनों, गीतों एवं मानस पर आधारित लघुनृत्य नाटिका की प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को राममय बना देंगे। प्रतियोगिता को प्रयागराज के समृद्ध भजन एवं संगीत के मर्मज्ञ निर्णायक होंगे।

राष्ट्रीय रामायण मेला के द्वितीय दिवस 8 जनवरी 2026 को श्री रामलीला कमेटी, कटरा के पावन प्रांगण में ही आयोजित अपरान्ह 12 बजे से रामायण पर आधारित मानस-प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रयागराज के विद्यालयों के छात्र-छात्राओ द्वारा प्रतिभाग कर ज्ञान-विज्ञान की गंगा का निर्मल प्रवाह होगा। इसी आध्यात्मिक ज्ञानगंगा के प्रवाह की श्रृंखला में अपरान्ह 3 बजे से विशाल सन्त समागम एवं मानस पर आधारित शोध एवं विद्वत गोष्ठी का आयोजन होगा। सायंकाल विशाल कविसम्मेलन का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के कवि शिरकत करेंगे।

राष्ट्रीय रामायण मेला के तृतीय दिवस 9 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से मानस पर आधारित अन्त्याक्षरी प्रतियोगिता सम्पन्न होगी। जिसमें प्रयागराज जनपद के विद्यालयों के छात्र-छात्रायें प्रतिभाग करेंगे। मानस पर आधारित यह प्रतियोगिता , जिसमें चौपाई, छन्द, दोहा,सोरठा एवं श्लोक द्वारा संचालित होती है, युवाओं के अद्भुत ज्ञान का परिचय देखने को प्राप्त होता है। 9 जनवरी को अपरान्ह *1* बजे से विशाल *सम्मान प्रतिपूर्ति समारोह* सम्पन्न होना सुनिश्चित है। जिसमें धार्मिक, सामाजिक, शैक्षिक, आध्यात्मिक एवं राष्ट्र-सेवा जैसे क्षेत्रों में समर्पित महानुभावों को सम्मानित किया जायेगा, एवं नवाचार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया जायेगा एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर सफल छात्र-छात्राओ को भी पुरस्कृत किया जायेगा।

समिति के सांस्कृतिक सचिव सतीश कुमार गुप्त ने बताया कि यह आयोजन समाज में रामायण,श्री रामचरितमानस जैसे ग्रन्थों के आदर्श जीवनशैली के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को संकल्पित करने का सफल प्रयास सिद्ध होगा।

# विधायक राजमणि कोल के भगीरथ प्रयासों से बेलवनियां माइनर की पुनर्स्थापना सफल

## पथरीली जमीन में किसान उगाएंगे सोना, चार दशक बाद 2026 में सूखी धरा में जल प्रवाहित



**डॉ शमीम**







**पसना।** कहावत है कि 'सच्चे मन से किया गया प्रयास कभी निष्फल नहीं होता' ठीक यही कहावत कोराव विधायक राजमणि कोल ने कोरांव व मेजा तहसील के पहाड़ी क्षेत्र के किसानों को नहर में पानी का तोहफा देकर चरितार्थ किया है। गौरतलब है कि बेलवानिया माइनर की जीर्ण अवस्था और 35 साल पूर्व निर्माण के बाद भी कभी पानी में नहीं आने संबंधित खबर क्षेत्रीय सामाजिक कार्यकर्ता व पत्रकार डॉ शमीम ने अखंड भारत संदेश अखबार के माध्यम से 2022 के विधानसभा चुनाव के पूर्व प्रमुख रूप से प्रकाशित किया था। चुनाव में कोराव विधानसभा से दोबारा जीतकर लखनऊ पहुंचे विधायक राजमणि कोल ने इस खबर का संज्ञान लेते हुए नहर में पानी लाने की चुनौती को स्वीकार करते हुए 22 किलोमीटर लंबी अस्तित्व विहीन पथरीली नहर की पुनर्स्थापना हेतु अपना भगीरथ प्रयास शुरू किया फलस्वरुप 2023 में उत्तर प्रदेश सरकार ने विधायक जी के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए कुल 1219.71 लाख रुपए की धनराशि इस मद में स्वीकृत की। ज्ञातव्य हो कि पिछले 40 वर्षों से यह नहर टूटी फूटी एवं जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़ी थी, क्षेत्रीय किसानों ने पानी की आस ही छोड़ दी थी लेकिन दिनांक 27.9.2023 को जब तत्कालीन सांसद प्रो रीता जोशी व माननीय विधायक राजमणि कोल ने भूमि पूजन कर नहर की पुनर्स्थापना का कार्य शुरू कराया तो क्षेत्रीय किसानों को उम्मीद की किरण दिखाई देने लगी। लगभग 18 महीना में नहर निर्माण का कार्य पूरा होने पर पहली बार पसना व कपुरी तक पानी का प्रवाह शुरू हो गया है अधिकारियों के अनुसार शीघ्र ही पूरी क्षमता से नहर का संचालन होने पर सीकी कला अंतिम छोर पानी पहुंचा दिया जाएगा।

इस संबंध में विधायक राजमणि कोल ने बताया कि यह नहर कोराव तहसील के बुखार गांव से शुरू होकर लतीफपुर जमोहरा पारा बेलवनिया बेलहट पसना होकर मेजा तहसील के कपूरी सिरियारी दशहरा ललई का पूरा होते हुए सिंकी कलां के अंतिम छोर तक जाती है। इस नहर से लगभग 16 ग्राम पंचायत के 2805 किसानों के 2200 हेक्टेयर खेत को पहली बार पानी उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने बेलहट में अटल आवासीय विद्यालय की स्थापना के बाद नहर की पुनर्स्थापना को अपने विधायक कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए जनता को शुभकामनाएं दी है।

सींकी कला के क्षेत्र पंचायत सदस्य आफताब अहमद ताज ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि मेरी खुद की 45 बीघा असिंचित जमीन को इस नहर का लाभ मिलेगा,अभी तक हम कुएं और बारिश के पानी पर निर्भर रहते थे,हमारे गांव के पहाड़ी क्षेत्र को यह नहर वरदान साबित होगी इस दुष्कर कार्य हेतु विधायक जी को दिली शुक्रिया है।

बसहरा के प्रधान ओमप्रकाश पाल ने भी इस कार्य हेतु विधायक जी को धन्यवाद देते हुए बताया कि मेरी ग्राम पंचायत को इस नहर से बहुत लाभ मिलेगा। किसानों को भरपूर पैदावार मिलेगी और हर जिंस का उत्पादन संभव होगा।

इसी तरह कपुरी के पूर्व प्रधान प्रमोद केशरी, पसना के किसान कमला पटेल बभनपट्टी के संजय तिवारी, विवेक मिश्र, बेलहट के प्रधान प्रतिनिधि संजय सिंह पारा के प्रधान गौरीशंकर तिवारी ने भी नहर पुनर्निर्माण हेतु विधायक राजमणि का आभार जताते हुए भविष्य में पहाड़ी क्षेत्र में भी अच्छे फसल उत्पादन की उम्मीद जताई है।

**27 फरवरी 2022 को अखंड भारत संदेश ने प्रमुख रूप से उठाया था मुद्दा**


जनप्रतिनिधि बदले, सरकारें बदली लेकिन नहीं आ सका बेलवनियां माईनर में पानी !

● 35 सालों से सूखी है नहर, हजारों एकड़ जमीन है परती

# तहसील बारा में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**बारा, प्रयागराज।** सोमवार को बारा तहसील के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में समाधान दिवस प्रभारी एडीएम आपूर्ति विजय कुमार शर्मा और घूरपुर थाना क्षेत्र के सेमरा कल्बना से आए ग्रामीणों के बीच निर्माण कार्य को लेकर नोंक-झोंक हुई। इसके बावजूद समाधान दिवस प्रभारी ने निर्माण कार्य करने की अनुमति नहीं दी बल्कि एसडीएम बारा को जांच करने का आदेश दिया है।

सेमरा कल्बना में हो रहे निर्माण कार्य को रविवार को तहसील प्रशासन ने सेलिंग की भूमि बता कर निर्माण कार्य को रोक दिया था। ग्रामीणों का कहना है कि भू अभिलेख में उनका नाम दर्ज है। इसी प्रकरण को लेकर प्रशासन और ग्रामीणों में कहासुनी हो गई थी।ग्राम पंचायत लखनपुर के प्रधान ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर बेचने की शिकायत पुनः की। शिवराजपुर के संजीव कुमार मिश्र ने मतदाता सूची में गड़बड़ी करने की शिकायत दर्ज कराई। हर्रो में फर्जी मतदाता पहचान पत्र को निरस्त करने का शिकायती पत्र बाल कृष्ण ने दिया। ग्राम पंचायत सरसेड़ी के मजरा चंदैयाबारी निवासी रामेश्वर प्रसाद त्रिपाठी ने अपनी भूमिधरी जमीन से नाली आदि को पृथक करने के लिए शिकायती पत्र दिया है। समाधान दिवस में आए कुल 128 शिकायती पत्रों में राजस्व विभाग के 02 शिककायती पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया है। इस अवसर पर तहसीलदार बारा रोशनी सोलंकी, नायब तहसीलदार बारा विजय कुमार, एसीपी बारा निकिता श्रीवास्तव सहित अन्य विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



# मऊआइमा में एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या शनिवार से थे लापता, शवों की खोजबीन जारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में सोमवार को बड़ी घटना सामने आई है। यहां एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या कर दी गई। उनकी लाश घर के पास कुएं में मिली। तीनों शनिवार से ही लापता थे। घटना को परिवार के ही युवक ने अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि बड़े बेटे ने पिता, बहन और भांजी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी और शव घर के पास कुएं में फेंक दिए। घटना की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। डॉग स्क्वॉड और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। घटना के पीछे भूमि विवाद बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक पिता-पुत्र में संपत्ति बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार को भी इस मामले को लेकर विवाद है। जिसकी जांच चल रही थी।

लोकापुर विशानी निवासी राम सिंह के दो पुत्र हैं। मुकेश कुमार बड़ा जबकि मुकुंद लाल छोटा है। मुकेश कुमार की शादी हो चुकी है वह पिता और अन्य परिवार वालों के साथ रहता है। मुकुंद अलग रहता है। दोनों भाइयों के बीच जमीन के बंटवारे को लेकर काफी दिन से विवाद चल रहा है। जमीन बंटवारे को लेकर शनिवार को विवाद हो गया था।आरोप है कि पिता के सामने बड़े भाई मुकेश ने छोटे भाई पर गोली चला दी। गोली छोटे भाई के चेहरे व गर्दन को छूती हुई निकल गई। जख्मी हालत में घायल मुकुंद लाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था।



### डीसीपी गंगापार ने पहुंचकर की छानबीन

मऊआइमा के लोकापुर विशानी में तीन लोगों की हत्या के बाद डीसीपी गंगापार कुलदीप सिंह गुनावत ने घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन की। फोरेंसिक एक्सपर्ट टीम और डॉग स्क्वॉयड टीम भी मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुटी रही।

### पिता से जमीन को लेकर चल रहा था विवाद

मुकुंद लाल पिता राम सिंह से अपने हिस्से की जमीन मांग रहा था। पिता राम सिंह बेटियों की शादी के बाद ही जमीन देने की बात कह रहे थे। इसको लेकर बड़े भाई और छोटे भाई के बीच आए दिन तकरार हो रही थी। इसी बात को लेकर शनिवार को दोपहर करीब तीन बजे मुकेश ने घर में तमंचे से मुकुंद लाल पर फायर झोंक दिया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना देकर जख्मी मुकुंद को अस्पताल पहुंचाया। डाक्टरों ने उपचार के बाद बताया कि गोली छूते हुए निकल गई थी। इसी मामले को लेकर राम सिंह, उनकी बेटी और उनकी बेटी की लड़की की हत्या कर दी गई। मुकेश ने हत्या की बात कुबुल की है। मौके पर कई थानों की पुलिस के साथ तमाम अधिकारी पहुंच गए हैं। मृतकों की पहचान राम सिंह, साधना (21) और आस्था (14) के रूप में हुई है।

### छोटे बेटे ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी की रिपोर्ट

मुकुंद लाल ने बताया कि वह शुक्रवार को बहरिया के कटनाई में शटरिंग का काम कर रहा था। रात में कटनाई में ही रुक गया। शनिवार को दोपहर में जैसे ही वह घर पहुंचा, बड़ा भाई विवाद करने लगा और फायर कर दिया। उपचार और एफआईआर दर्ज कराकर वह घर पहुंचा तो परिवार के सभी लोग लापता थे। मुकुंद लाल के मुताबिक पिता का फोन बंद आ रहा है। मुकुंद लाल ने मऊआइमा थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई। पिता राम सिंह पटेल (55), बहन साधना देवी (24), भांजी आस्था देवी (14) घर में नहीं मिलने पर वह परेशान हो गया।

### साढ़े चार बीघा जमीन को लेकर था विवाद

राम सिंह के दो बेटों में जमीन का विवाद था। राम सिंह छोटे पुत्र मुकुंद लाल, पुत्री साधना देवी और उनकी नातिन आस्था एक साथ ही रहते हैं। जबकि मुकेश कुमार अलग घर बनवाकर अपनी पत्नी प्रमिला देवी दो पुत्रियां और एक पुत्र के साथ रहता है। दो वर्ष पूर्व राम सिंह पटेल ने अपनी साढ़े चार बीघा जमीन मुकुंद लाल को बैनामा कर दी थी। जब मुकेश कुमार को पता चला तो वह पिता और भाई से खेत में हिस्सा मांगने के लिए झगड़ता था। शनिवार को इसी विवाद में मुकेश कुमार ने मुकुंद लाल पर फायर किया था।

## लाखों की चोरी, दो हफ्ते बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के त्रिवेणीपुरम में दो सप्ताह पूर्व हुई लाखों की चोरी के मामले में पुलिस के हाथ अब तक खाली है। रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका है, जिससे पीड़ित परिवार न्याय के लिए थाने के चक्कर काटने को मजबूर है।

किराए के मकान में रहने वाली इंदु गुप्ता के पति अबू धाबी में नौकरी करते हैं। 24 दिसंबर को वह बच्चों की छुट्टियों के कारण घर में ताला लगाकर भोपाल गई थीं। इसी दौरान बंद घर को निशाना बनाकर चोरों ने 150 ग्राम सोने के जेवरात और एक लाख रुपये नकदी पार कर दिए। हफ्ते भर बाद घर लौटने पर चोरी की जानकारी हुई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा तो लिख लिया, लेकिन ठोस कार्रवाई न होने से स्थानीय निवासियों में सुरक्षा को लेकर रोष है।

# जिलाधिकारी ने मेला क्षेत्र में स्थापित चिकित्सालयों व स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने माघ मेला-2026 के दृष्टिगत मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के त्वरित उपचार एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थापित चिकित्सालयों एवं की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

जिलाधिकारी ने माघ मेला सेक्टरझ्र2 में श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराए जाने हेतु 20 शैय्या युक्त त्रिवेणी चिकित्सालय का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित डिप्टी सीएमओ, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक एवं चिकित्सकों से उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, पुरुष वार्ड, महिला वार्ड सहित अन्य वार्डों का भ्रमण किया तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए सभी आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने एम्बुलेंस में उपलब्ध फर्स्ट एड सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली तथा एम्बुलेंस के रिस्पांस टाइम की भी समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने एम्बुलेंस में रखी दवाइयों की किट का निरीक्षण किया एवं दवाओं की एक्सपायरी डेट भी चेक की।उन्होंने मेला क्षेत्र के मानचित्र पर चिकित्सालयों की लोकेशन देखी तथा अन्य सेक्टरों में श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने डिप्टी सीएमओ को सभी स्वास्थ्य व्यवस्थाएँ सुचारु रूप से बनाए रखने के निर्देश दिए।उल्लेखनीय है कि श्रद्धालुओं के उपचार हेतु मेला क्षेत्र में 20 शैय्या युक्त 02 अस्पताल, 12 प्राथमिक उपचार केंद्र, 01 वेक्टर कंट्रोल यूनिट, 05 आयुर्वेदिक एवं 05 होमियोपैथिक चिकित्सालय स्थापित किए गए हैं। साथ ही 50 एम्बुलेंस संचालित किए जाने की व्यवस्था की गई है।



## माघ मेले में लीलापुर के पूर्व प्रधान का निधन

**झूंसी।** माघ मेले के सेक्टर-4 से एक अत्यंत दुखद खबर सामने आई है। यहाँ कल्पवास कर रहे लीलापुर कला के पूर्व प्रधान कमला कांत शुक्ल का सोमवार शाम आकस्मिक निधन हो गया। वह पिछले 25 वर्षों से निरंतर माघ मेले में कल्पवास की परंपरा का पालन कर रहे थे। कमलाकांत शुक्ल सेक्टर-4 स्थित संतोष तिवारी पांडा (दो लौकी के झंडा) के शिविर में अपनी पत्नी राज कुमारी देवी के साथ ठहरे हुए थे। मृतक के बेटे राहुल शुक्ल ने बताया कि दोपहर तक उनके पिता पूरी तरह स्वस्थ थे, शाम के समय वह अपने टेंट में रामायण का पाठ कर रहे थे, तभी वे अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। उन्हें तत्काल चिकित्सक के पास ले जाया गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो गई थी। उनके निधन की खबर से पूरे शिविर में शोक की लहर दौड़ गई है। कमला कांत शुक्ल एक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व थे और उनकी पत्नी भी लीलापुर की प्रधान रह चुकी हैं। साथ में कल्पवास कर रहे अन्य श्रद्धालुओं ने बताया कि मेले में वे सब एक परिवार की तरह रहते थे और इस क्षति से हर कोई स्तब्ध है।

## राजन महाराज की श्रीराम कथा की तैयारियां जोरों पर



**धनूपुर।** क्षेत्र के देवबरा धाम, पिपरी ग्राम सभा में 29 मार्च से अंतरराष्ट्रीय कथावाचक राजन महाराज की श्रीराम कथा का शुभारंभ होगा और 6 अप्रैल तक कथा चलेगी। राजन महाराज की कथा सुनने के लिए लाखों की संख्या में श्रोता पहुंचने की उम्मीद है। कथा को सफल बनाने के लिए कथा संयोजक देवबरा धाम निवासी राधे मोहन मुन्ना पांडेय उनके छोटे भाई विकास पांडेय इलाहाबादी एवं उनके सहयोगियों द्वारा विगत दो वर्षों से अनवरत, अथक परिश्रम किया जा रहा है इस समय आमंत्रण पत्र वितरण किया जा रहा है। रविवार को आमंत्रण पत्र हरिप्रपन्नाचार्य महाराज चक्रसुदर्शनपुरी, विनय पांडेय पूर्व प्रत्याशी हंडिया विधानसभा, हृदय नारायण शुक्ला खरगपुर, दिनेश दुबे दुबई कैथापुर, सुशील पांडेय बेरवा पहाड़पुर, हरिश्चंद्र मिश्र दलपतपुर, चंडिका प्रसाद तिवारी चनेथू, रत्नेश शुक्ला घीसापुर सैदाबाद को सौंपा गया। जगदीश तिवारी, आदर्श पांडेय आदि सहयोगी साथ में मौजूद रहे। राजन महाराज की कथा सुनने के लिए प्रयागराज, भदोही, जौनपुर, प्रतापगढ़, बनारस, कौशांबी सहित उत्तर प्रदेश के कई जनपदों एवं देश भर से कई महानगरों से भक्त जन आएंगे। क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का संकल्प लिया है। राजन महाराज की कथा में कई बड़ी हस्तियां, जिनमें राजनेता, फिल्म अभिनेता और उद्योगपति उपस्थित रहेगें। चंडिका प्रसाद तिवारी एवं रत्नेश शुक्ला के परम मित्र हरिश्चंद्र मिश्रा उद्योगपति निवासी दलपतपुर आगामी रामकथा में 4 अप्रैल को कथा में दैनिक यजमान रहेंगे और उस दिन का प्रसाद, भोजन एवं अन्य व्यवस्था इनकी तरफ से की जायेगी।

# पीतल की मूर्ति को सोने के नाम पर बेचने वाले ठगों के सरगना से ठगी का रुपया वापस करना प्रधान को पड़ा भारी

### रुपया वापस कराने से खुन्नस खाए गिरोह के मुख्य सरगना राजू उर्फ राजीव बिंद द्वारा आए दिन प्रधान को मिल रही है हत्या करने की धमकियां

**पीड़ित प्रधान रामधारी उर्फ कल्लू नेता ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर जान माल की सुरक्षा के साथ लगाई कार्यवाही की गुहार**



रामधारी बिंद कल्लू नेता प्रधान

**मेजा।** पीतल की मूर्ति सोने की बताकर बेचने और क्षेत्र के लोगों के साथ ठगी करने वाले गिरोह के कथित सरगना द्वारा ठगी का रुपया वापस करना प्रधान को भारी पड़ा है। आए दिन मिल रही हत्या करने की धमकियों से भयभीत ग्राम प्रधान ने संपूर्ण समाधान दिवस में गिरोह के सरगना के विरुद्ध शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत मेड़रा के वर्तमान प्रधान रामधारी बिंद ने बीते 4 जनवरी को मेजा में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस प्रभारी के अलावा यूपी के मुख्यमंत्री, मानवाधिकार आयोग तथा पुलिस के उच्चाधिकारियों को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में इस बात का स्पष्ट जिक्र करते हुए लिखा है कि उनके ग्राम पंचायत में पीतल की मूर्ति तैयार कर उसे सोने की मूर्ति बताकर बेचने और क्षेत्र के लोगों के साथ ठगी करने वाले कथित गिरोह बंद अपराधी गिरोह के मुख्य सरगना राजू उर्फ राजीव बिंद पुत्र बसंत लाल मार्गदर्शन में इन दिनों क्षेत्र के अलावा अन्य जनपदों में सक्रिय हैं। संपूर्ण समाधान दिवस में तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को दिए गए शिकायती पत्र में प्रधान का आरोप है कि गिरोह का सरगना और उसके गुर्गे द्वारा कुछ दिनों पूर्व मिजार्पुर के एक अधिवक्ता से दो लाख,गंगापार के गोपीगंज में कथित एक व्यक्ति से दो लाख,हालिया में एक व्यक्ति से चार लाख पच्चास हजार तथा मेजा के कोढ़निया गांव के कथित एक फौजी से अस्सी हजार रुपया पीतल की मूर्ति को सोने की मूर्ति बताकर बेचने के दौरान ठगी किए थे। प्रधान रामधारी की बातों को सच माना जाय तो उनके अनुसार उक्त लोगों के साथ ठगी करने वाले अपराधियों के विरुद्ध थाना मेजा में कार्यवाही होने के पश्चात मेजा कोतवाली पुलिस के एक्शन पर प्रधान की मौजूदगी में पकड़े गए गिरोह के सरगना तथा अन्य अपराधियों से ठगी का संपूर्ण रुपया वापस कराया गया था। इतना ही नहीं प्रधान रामधारी बिंद का यह भी आरोप है कि ठगी के कारोबार में संलिप्त सरगना और उसके साथियों द्वारा जबसे उक्त रुपया वापस कराया हूं तभी से आरोपी सरगना राजू बिंद उर्फ राजीव बिंद मुझ प्रधान से रंजिश रखता है और आए दिन उसके तथा उसके द्वारा हत्या करने की धमकी दी जा रही है। हालांकि योगी शासनकाल में आपराधिक गिरोह के सरगना राजू बिंद की धमकियों से डरे सहमे भयभीत प्रधान रामधारी बिंद कल्लू नेता ने शिकायती प्रार्थना पत्र देकर जान की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए गिरोह के सरगना एवं उसके गुर्गों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने तथा गिरोह का भांडाफोड किए जाने की मांग की है।

# जी.श्रीनिवास राव को मेजा ऊर्जा निगम की नवागंतुक सीईओ के रूप में सौंपी गई कमान किया कार्यभार ग्रहण

### कहा - एमयूएनपीएल की टीम के नेतृत्व में परियोजना को अपेक्षाओं से भी आगे बढ़कर सफलता के नए मानक पर स्थापित करना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

**मेजा।** एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी एवं कार्यकारी निदेशक जी श्रीनिवास राव को मेजा ऊर्जा निगम की नवागंतुक सीईओ के रूप में कमान सौंपी गई है। श्री राव सोमवार को मेजा ऊर्जा निगम प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है।



उल्लेखनीय है कि विविध परियोजनाओं में उनके उत्कृष्ट नेतृत्व अनुभव और व्यापक विशेषज्ञता के साथ जी.श्रीनिवास राव कंपनी को विकास एवं प्रगति के अगले चरण की ओर अग्रसर करेंगे। गौरतलब है कि जी. श्रीनिवास राव उस्मानिया विश्वविद्यालय हैदराबाद से यांत्रिक अभियंता हैं। उन्होंने वर्ष 1989 में एनटीपीसी में इंजीनियरिंग एग्जीक्यूटिव ट्रेनी (ईटी) के 14वें बैच के रूप में सेवा प्रारंभ की। इसके पूर्व उन्होंने रामागुंडम में ऑपरेशन तथा पर्यावरण इंजीनियरिंग और प्रबंधन समूह विभाग में कार्य किया। इसके पश्चात उन्होंने कुडगी में पर्यावरण इंजीनियरिंग और प्रबंधन समूह विभाग में कार्य किया और फिर कहलगांव में ऑपरेशन विभाग में कार्य किया। तत्पश्चात उन्होंने नई दिल्ली स्थित सीसी-स्कोप में ऑपरेशन सर्विसेज स्ट्रैटेजिक इनिशिएटिव्स एंड इंफॉर्मेशन सिस्टम्स विभाग तथा नोएडा स्थित सीसी-ईओसी में ऑपरेशन सर्विसेज स्ट्रैटेजिक इनिशिएटिव्स एंड इंफॉर्मेशन सिस्टम्स विभाग में भी कार्य किया है बता दें कि एमयूएनपीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्ति से पूर्व जी. श्रीनिवास राव एनटीपीसी बाढ़ में परियोजना प्रमुख के पद पर कार्यरत थे। एनटीपीसी में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर उनके व्यापक एवं विविध अनुभव ने उनके द्वारा संभाले गए दायित्वों और उनके नेतृत्व में संचालित परियोजनाओं को उल्लेखनीय रूप से सशक्त बनाया है।

वर्तमान में एमयूएनपीएल मेजा में 2660 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयाँ संचालित हैं। इसके साथ ही मेजा में द्वितीय चरण के अंतर्गत 3800 मेगावाट क्षमता की इकाइयाँ तथा ओबरा और अनपरा में प्रत्येक स्थान पर 2800 मेगावाट क्षमता की परियोजनाएँ प्रस्तावित हैं। जी. श्रीनिवास राव के सक्षम नेतृत्व में एमयूएनपीएल मेजा निश्चित रूप से सफलता के नए शिखर प्राप्त करेगा और नए मील के पत्थरों की ओर अग्रसर होगा। उनके मार्गदर्शन में एमयूएनपीएल की पूरी टीम को पूर्ण विश्वास है कि परियोजनाएँ न केवल अपने लक्ष्यों को प्राप्त करेंगी, बल्कि अपेक्षाओं से भी आगे बढ़कर सफलता के नए मानक स्थापित करेंगी।

## एआरपी एसो. जिला इकाई द्वारा शिष्टाचार भेट स्वरूप दी बधाई

**शिष्टाचार ही शिक्षक की असली पहहचान है : रीता शर्मा**



**प्रयागराज।** सोमवार को ए आर पी एसोसिएशन यू पी जिला इकाई द्वारा जिलाधिकारी प्रयागराज मनीषा कुमार वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित समस्त अधिकारियों को नए वर्ष के उपलक्ष्य में भेंट स्वरूप पुष्प गुच्छ। इस अवसर पर संगठन के उद्देश्यों, शैक्षिक नवाचारों एवं शिक्षकों के अकादमिक सहयोग से संबंधित कार्यों की जानकारी दी गई। इसके उपरांत प्रतिनिधिमंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय से भेंट कर पुष्पगुच्छ भेंट किया एवं संगठन द्वारा जनपद में किए जा रहे शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन कार्यों पर सार्थक चर्चा की। तत्पश्चात प्रतिनिधिमंडल ने लेखा अधिकारी महोदय से शिष्टाचार मुलाकात कर विभागीय समन्वय एवं सहयोग पर विचार-विमर्श किया। साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने डायट प्राचार्य रमेश तिवारी से भेंट कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया तथा शिक्षक प्रशिक्षण, नवाचार एवं ए.आर.पी. की भूमिका पर विस्तृत संवाद किया। सभी अधिकारियों द्वारा संगठन के प्रयासों की सराहना करते हुए मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्रदान किया गया। इस अवसर पर ए.आर.पी. एसोसिएशन यू पी जिला इकाई के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे अध्यक्ष मनोज पांडेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश प्रताप यादव जिला महामंत्री रीता शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र त्रिपाठी, वरिष्ठ जिला मंत्री महेंद्र कुमार निषाद, मंत्री डॉ. सुधा शुक्ला, कोषाध्यक्ष संतलाल चौरसिया, सदस्य विकास पाल, प्रवीण द्विवेदी, ए.आर.पी. अर्चना निगम, गजेंद्र सिंह, जगदीश निगम, अखिलेश पांडेय, शालिनी सिंह, संगठन द्वारा यह विश्वास व्यक्त किया गया कि प्रशासन, शिक्षा विभाग एवं ए.आर.पी. के संयुक्त प्रयासों से जनपद में शैक्षिक गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा।

## न्यूज झरोखा

### इनामी शराब तस्कर नवदीप सिंह गिरफ्तार, प्रयागराज एसटीएफ ने पंजाब के मोहाली से दबोचा




**प्रयागराज।** एक लाख के इनामी शराब तस्कर नवदीप सिंह गिरफ्तार, एसटीएफ के मुताबिक, वर्ष 2023 में प्रयागराज में एसटीएफ ने अंडों की आड़ में ले जाई जा रही अवैध शराब पकड़ी थी। यह खेप मोहाली के एसएएस नगर निवासी नवदीप के ही सिंडिकेट से बिहार और झारखंड भेजी जा रही थी। इसमें ट्रक चालक गिरफ्तार हुआ था, जबकि नवदीप फरार हो गया था। मामले में प्रयागराज नवाबगंज थाने में नवदीप के खिलाफ शराब तस्करी की एफआईआर दर्ज की गई। इसी मामले में उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। इसके बाद से ही टीम आरोपी की तलाश कर रही थी। इस बीच सूचना मिली कि पंजाब के मोहाली में नवदीप ने अपना ठिकाना बनाया है। सूचना पर एसटीएफ इंस्पेक्टर जय प्रकाश राय के नेतृत्व में टीम जीरकपुर पहुंची और आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में बताया कि हरियाणा के हिसार निवासी अपने दोस्त मनवीर सिंह उर्फ मन्नू समेत अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर वह कई वर्षों से अंतरराज्यीय शराब तस्कर सिंडिकेट का संचालन करता है। चंडीगढ़ और पंजाब से ट्रकों में अंडे, मुर्गी का दाना, प्लास्टिक स्क्रैप में अवैध शराब छिपाकर यूपी, बिहार और झारखंड भेजता था। एसटीएफ की जांच में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ प्रयागराज के अलावा अयोध्या, सुल्तानपुर, बाराबंकी, कानपुर, भदोही, रायबरेली और झारखंड के रांची में एफआईआर दर्ज हैं। आरोपी वर्ष 2022 में झारखंड के रांची से शराब तस्करी के मामले में गिरफ्तार होकर जेल जा चुका है। एसटरएफ के अफसरों ने बताया कि आरोपी नवदीप की गिरफ्तारी के बाद उसे ट्रांजिट रिमांड पर प्रयागराज लाया जाएगा।

### भीषण ठंड, कोहरे के बावजूद न अलाव जला, न हुआ कंबल वितरण



**जंघई।** दो महीने से तेज ठंड होने के बावजूद जरूरतमंदों तक न तो सरकारी कंबल पहुंच सका है और न ही अलाव जलते दिखाई दे रहे हैं हालांकि कुछ सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की बात प्रशासन कर तो रहा है, लेकिन आंकड़े व स्थान उपलब्ध पता नहीं है। शासन द्वारा, ब्लाक एवं गांव को अलाव जलाने एवं कंबल वितरण के लिए धनराशि उपलब्ध कराने की घोषणाएं की जाती हैं, लेकिन तेज ठंडी, गलन एवं कोहरे के बावजूद अधिकतर इलाकों में अलाव जलते नहीं दिख रहे हैं। क्षेत्र में इन दिनों हाड़ कंपा देने वाली ठंड पड़ रही है सूरज नहीं निकल रहा है प्रतापपुर ब्लाक क्षेत्र में 83 गांव है कुछ गांव को छोड़कर अलाव कहीं नहीं जल रहा है प्रधान गण, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी लोग अलाव नहीं जलवा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कोई चुनाव हो रहा होता तो तमाम लोग अलाव जलवाते, कंबल वितरण करवाते लेकिन इस समय कोई नहीं दिख रहा। बढ़ती ठंड के कहर को देखते हुए प्रशासन को ग्रामीण क्षेत्रों एवं बाजारों तथा राहगीरों के लिए सार्वजनिक स्थानों एवं चौक चौराहों पर अलाव जलवाना चाहिए। क्षेत्र में ठंड काफी बढ़ गई है जिससे स्थानीय लोगों एवं राहगीरों को कपकपा देने वाली ठंड का सामना करना पड़ रहा है।

### राजापुर स्कूल में रोबोटिक्स कार्यशाला, छात्रों ने सीखी तकनीक की बारीकियां

**प्रयागराज।** ओएलएल, मुंबई एवं यंग माइंड्स एजुकेशन, प्रयागराज का संयुक्त आयोजन राजापुर स्थित स्कूल परिसर में एक दिवसीय रोबोटिक्स कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कक्षा 1 से 9 तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान छात्रों के समक्ष ऑटोमेटेड रेलवे बैरियर, एज अवॉइडेंस रोबोट, ऑब्जेक्ट अवॉइडेंस व्हीकल, सेंसर बेस्ड बॉल मूविंग रोबोट एवं जेसीबी बुलडोजर जैसे मॉडलों का निर्माण कर तकनीकी जानकारी दी गई। कार्यशाला में यंग माइंड्स एजुकेशन से मो.ओसामा, मो. हाशिम, शिक्षकगण एवं छात्र उपस्थित रहे, जबकि ओएलएल टीम से धीरज सिंह, खुशी पांडे, नाजनीन अख्तर, महजबीन, श्रवण सिंह सहित अन्य सदस्यों ने मार्गदर्शन किया। आयोजकों ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों में रोबोटिक्स व तकनीकी शिक्षा के प्रति रुचि जागृत करना और नवाचार की सोच विकसित करना है।

### एनसीसी साइक्लोथन रैली नैनी पहुँची, वीर बिरसा मुंडा के त्याग-बलिदान का संदेश दे रही जन-जन तक

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में पहुँची रैली वीर बिरसा मुंडा के त्याग, संघर्ष और बलिदान का संदेश देश के कोने-कोने तक पहुँचाने के उद्देश्य से 28 दिसंबर को रांची से नई दिल्ली के लिए रवाना हुई एनसीसी साइक्लोथन रैली सोमवार को नैनी क्षेत्र में पहुँची। रैली के नैनी पहुँचने पर एनसीसी कैडेट्स और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया।करीब 1200 किलोमीटर की लंबी यात्रा पर निकले 20 एनसीसी साइकिलिस्ट अब तक झारखंड, बिहार होते हुए उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर चुके हैं। रैली जहाँ-जहाँ से गुजर रही है, वहाँ युवाओं में देशभक्ति और राष्ट्रसेवा की भावना का संचार हो रहा है। इस साइक्लोथन रैली का नेतृत्व कर रहे कर्नल अनिल सिंह यादव ने बताया कि रैली का मुख्य उद्देश्य वीर बिरसा मुंडा के साहस, समर्पण और बलिदान से युवाओं को प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि कम उम्र में देश और समाज के लिए संघर्ष करने वाले वीर बिरसा मुंडा आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने जानकारी दी कि यह रैली झारखंड से शुरू होकर बिहार और उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से होते हुए हरियाणा पहुँचेगी और 16 जनवरी को दिल्ली पहुँचेगी। इसके बाद 28 जनवरी को करियप्पा परेड ग्राउंड में आयोजित एनसीसी डे परेड के अवसर पर सभी साइकिलिस्ट प्रधानमंत्री से मुलाकात कर स्मृति-चिह्न भेंट करेंगे। रैली के नैनी पहुँचने पर पूरे क्षेत्र में सैन्य अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का माहौल देखने को मिला।

### नैनी में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह व महापौर का संयुक्त रूप से मनाया गया जन्मदिन

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा राजस्थान एवं हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल, पद्मभूषण स्वर्गीय कल्याण सिंह ह्यबाबूजीह्न एवं प्रयागराज के लोकप्रिय महापौर गणेश केसरवानी का जन्मदिन संयुक्त रूप से श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। यह आयोजन कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में नंदन तालाब, नैनी परिसर में किया गया। इस अवसर पर स्वर्गीय कल्याण सिंह बाबूजी को कोटि-कोटि नमन किया गया तथा महापौर गणेश केसरवानी के दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को कॉपी-पुस्तकें वितरित कर उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय कल्याण सिंह बाबूजी का सपना था कि देश का विकास तभी संभव है जब बच्चे शिक्षित होंगे। इसी प्रकार महापौर गणेश केसरवानी भी सदैव शिक्षा को विकास की नींव मानते हैं और मानते हैं कि शिक्षित समाज से ही जिले, प्रदेश और देश का समग्र विकास होगा। इस अवसर पर काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष सरदार पति बिंदर सिंह, कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव सहित क्षेत्रीय लोग एवं दर्जनों बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सामाजिक सरोकार और शिक्षा के महत्व का संदेश दिया गया।

### एम एस साईं प्रजापति टेक्निकल सर्विसेज क्रिकेट टूनार्मेंट का भव्य उद्घाटन किया गया

**प्रयागराज।** एम एस साईं प्रजापति टेक्निकल सर्विसेज क्रिकेट द्वारा आयोजित टूनार्मेंट क्रिकेट टूनार्मेंट 2026 देव स्पोर्ट क्रिकेट ग्राउंड गोहरी प्रयागराज पर मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री डॉ महेश चंद्र प्रजापति व विशिष्ट अतिथि कीर्ति प्रकाश द्विवेदी राष्ट्रीय प्रवक्ता द्वारा क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन रिबन काटकर व राष्ट्रगान के साथ किया गया। यह टूनार्मेंट का उद्घाटन मुकाबला स्ट्राइकर स्क्वाड सीनियर बनाम पी एम एस धूमनगंज प्रयागराज के बीच खेला गया जिसमें स्ट्राइकर स्क्वाड सीनियर टीम ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया पीएमएस स्पोर्ट्स क्लब ने बैटिंग करते हुए 19.4 ओवर में 165 रन बनाकर ऑल आउट हो गई जिसमें देवांश पाठक 75 रन अजय यादव 45 रनों का सर्वाधिक स्कोर रहा गेंदबाजी में अश्मित अमरेंद्र सिंह 3 - 3 विकेट लेने में कामयाब रहे लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्ट्राइकर स्क्वाड सीनियर की टीम 20 ओवर खेलते हुए मात्र 128 रन 9 विकेट के नुकसान पर बना पाई जिसमें अमरेंद्र सिंह 22 रन रविकांत यादव 43 रन अश्मित 19 रनों का योगदान रहा वहीं गेंदबाजी में कुणाल मिश्रा दो विकेट सुब्रत प्रसाद तिवारी 2 विकेट अमन मिश्रा 2 विकेट लेने में सफल रहे इस प्रकार से ढ.ट.र स्पोर्ट्स क्लब ने एम एस साईं प्रजापति टेक्निकल सर्विसेज ओपन कैशमनी क्रिकेट टूनार्मेंट 2026 का उद्घाटन मुकाबला जीतकर अगले दौर में प्रवेश करने में कामयाब रही। मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण रामचंद्र प्रजापति के द्वारा उनका स्वागत किया गया इसी बीच संजय पांडेय फौजी, सौरभ मिश्रा, राममूर्ति प्रजापति (प्रधान), सुरेंद्र मोहन प्रजापति, राजीव प्रजापति, मुलायम प्रजापति, अशोक पटेल, संजय प्रजापति, लालमणि यादव, राजेश यादव कबड्डी कोच विवेक यादव बृजेश पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने सुनी शिकायतें, 8 शिकायतों का हुआ निस्तारण

## डीएम एवं एसपी ने तहसील सदर में गरीबो एवं असहायों को कम्बल का किया वितरण

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सदर तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 131 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से राजस्व विभाग की 08 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 131 शिकायतों में से 49 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 16, विकास विभाग से 3, खाद्य विभाग 02, चकबन्दी विभाग 01, विद्युत विभाग 02 एवं 58 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा सुना गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता राम आसरे यादव ने बताया कि गाटा संख्या 164 रकबा 0.0930 जनता विद्या पीठ गांधीनगर ग्राम का नाम इब्राहिमपुर दर्ज अभिलेखों में है। राम लखन पाल, राम अजोर पाल व राम आसरे पाल आदि ने विद्यालय की भूमि पर अतिक्रमण किया हुआ है, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया गया कि जांच कराकर शीघ्र शिकायत का निस्तारण करायें। शिकायतकर्ता आलोक कुमार सिंह निवासी यादवपुर पो0 अजगरा ने शिकायत किया कि प्रार्थी के गांव यादवपुर में गाटा संख्या 82ध्0.037 हे0 खलिहान के नाम अंकित सुरक्षित भूमि है जिस पर गांव के अयूब अली जबरन कमरा व बरामदा बना लिये है व निर्माण कार्य अभी भी जारी है, सार्वजनिक उपयोग की भूमि खलिहान को कब्जे से मुक्त कराये जाये इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि परीक्षण कराकर शिकायत का निस्तारण कराया जाये। डीएम ने प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्याओं की मौके पर जाकर जांच करते हुए उसका यथाशीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शिकायतकताओं की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण तरीके से शिकायतों का निपटारा करें, जिसमें शिकायतकर्ता की संतुष्टि सबसे महत्वपूर्ण है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि शिकायतों के निपटारे में किसी भी प्रकार की अनदेखी या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को प्राप्त सभी शिकायतों का समय पर और सही तरीके से समाधान करने के निर्देश दिये गये। उन्होने निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में जो भूमि संबंधी मामले हैं उसमें राजस्व तथा पुलिस की संयुक्त टीम गठित करके मौके पर भेजकर निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि शासन का सख्त निर्देश है की जमीन संबंधी मामलों को तत्काल निस्तारण कराएं। कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये, इसका विशेष ध्यान दिया जाये। इस अवसर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकताओं की समस्याओं को विनम्रता से सुनते हुए निष्पक्ष जांच कर पीड़ित को न्याय दिलाया जाए। इस अवसर पर ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट अनुष्का शर्मा, उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह, सीओ सिटी प्रशान्त राज, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरान्त जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट द्वारा तहसील परिसर में गरीबों एवं असहायों को कम्बल का वितरण किया गया।

### तहसील दिवस में आईं 108 शिकायतें, पांच का हुआ मौके पर निस्तारण

**पट्टी।** शनिवार को अवकाश होने के चलते सोमवार को पट्टी तहसील सभागार में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 108 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से राजस्व विभाग से जुड़ी पांच शिकायतों का अधिकारियों ने मौके पर ही निस्तारण कर दिया। एसडीएम पट्टी पूर्णेन्द्र मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस में विभागवार शिकायतों का विवरण इस प्रकार रहा। राजस्व विभाग से 54, पुलिस विभाग से 22, विकास विभाग से 10, समाज कल्याण विभाग से 2, शिक्षा विभाग से 5 तथा अन्य विभागों से संबंधित 15 शिकायतें दर्ज की गईं।तहसील दिवस के दौरान अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और शेष शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार पवन सिंह, नायब तहसीलदार उमाशंकर यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रबी सत्र में बोई गई फसलों के डिजिटल क्राप सर्वे का हुआ शुभारम्भ



अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जनपद में रबी सत्र 2025-26 में बोई गई फसलों के डिजिटल क्रॉप सर्वे का शुभारंभ किया गया। उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव एवं कृषि विभाग के सर्वेयर राहुल कुमार पटेल द्वारा सदर तहसील के गड़ई चकदेईया ग्राम में कृषक केदारनाथ एवं लालमनि के खेत में बोई गई सरसों एवं गेहूं की फसलों का मोबाइल ऐप के माध्यम से स्वयं सर्वेक्षण किया गया। डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य कृषि एवं राजस्व विभाग के कार्मिकों, ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सहायक एवं प्राइवेट सर्वेयर द्वारा प्रत्येक भूखंड पर जाकर फोटो कैप्चर करते हुए किया जा रहा है। यह सर्वे 5 जनवरी 2026 से 15 फरवरी 2026 तक जनपद के 1798 राजस्व ग्रामों में स्थित कुल 11,77,809 भूखंडों पर किया जाएगा। साथ ही 30 जनवरी 2026 तक फार्मर रजिस्ट्री अभियान भी संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत शेष कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री वृहद स्तर पर पूर्ण कराई जाएगी। समस्त कृषकों से अपील की गयी है कि वे 30 जनवरी 2026 तक फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा लें, ताकि कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ निरंतर मिलता रहे।

### जिला मजिस्ट्रेट ने माघ मेला के दृष्टिगत लगाई ड्यूटी

**प्रतापगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट शिव सहाय अवस्थी ने जनपद प्रयागराज में आयोजित हो रहे महामाघ मेला-2026 के विभिन्न स्नान पर्वो के अवसर पर शांति व्यवस्था, साम्प्रदायिक सद्भाव एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से जनपद में 43 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 09 जोनल मजिस्ट्रेट एवं 05 सुपर जोनल मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगा दी है। उन्होने जोनल मजिस्ट्रेट के रूप अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग बीएम सिंह, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 सुशील कुमार व डा0 रवि प्रकाश सिंह, सहायक अभियन्ता लोक निर्माण विभाग संजय राय, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग ओम प्रकाश चैरसिया व अजय कुमार, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 देवेन्द्र कुमार, सहायक अभियन्ता सिंचाई शैलेन्द्र कुमार प्रजापति व जिला अभियन्ता जिला पंचायत कृष्ण कुमार भाष्कर की ड्यूटी लगायी है। सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में उपजिला मजिस्ट्रेट सदर, रानीगंज, पट्टी, लालगंज व कुण्डा की ड्यूटी लगायी गयी है। सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस अधिकारी के रूप में सम्बन्धित क्षेत्राधिकारियों की भी ड्यूटी लगायी गयी है। जिला मजिस्ट्रेट ने महामाघ मेला हेतु विभिन्न व्यवस्थाओं के दृष्टिगत मुख्य चिकित्साधिकारी, ईओ नगर पालिकाध्नगर पंचायत, जिला पंचायत राज अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, अधीक्षण अभियन्ताध्अधिशासी अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अभियन्ता जल निगम आदि को दिशा निर्देश निर्गत किया है।

### पारिवारिक रंजिश में हुई मारपीट, चार पर केस

**लालगंज।** पारिवारिक रंजिश में हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के बादशाहपुर गांव की रीता देवी पत्नी राम औतार विश्वकर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दो जनवरी की शाम करीब छः बजे उसके जेठ तुलसीराम विश्वकर्मा अपने घर जा रहे थे। आरोप है कि इसी बीच परिवार के राम अभिलाष तथा उसके पुत्र दुर्गेश उर्फ लालू, पुत्रियां नीता व रूबी एकराय होकर गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। एसओ राजेन्द्र त्रिपाठी का कहना है कि जांच के बाद चार आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पुलिस से मुठभेड़ में दो शातिर अपराधी को लगी गोली

### ई-रिक्शा लूटकांड के आरोपी से पुलिस की हुई मुठभेड़

**पट्टी।** थाना दिलीपपुर पुलिस व बदमाशों के बीच सोमवार की सुबह मुठभेड़ हो गई, जिसमें दो शातिर बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया है।बताया गया कि बीते 3 जनवरी को थाना दिलीपपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रामपुर आधारगंज में एक व्यक्ति से अज्ञात बदमाशों द्वारा ई-रिक्शा को सुनसान स्थान पर रुकवाकर तमंचा व चाकू के बल पर ई-रिक्शा की बैटरी, मोबाइल फोन तथा जेब में रखे 700 नकद लूट लिए गए थे। घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में सोमवार की सुबह अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) शैलेन्द्र लाल व क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष दिलीपपुर बलराम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चैहर्जन पुल के पास



जंगल क्षेत्र में बहद ग्राम बसीरपुर में चेकिंग की जा रही थी।इसी दौरान बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी गई। आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में दो शातिर अभियुक्त लवकुश ओझा पुत्र राकेश ओझा निवासी ग्राम श्रीपुर थाना रानीगंज उम्र करीब 18 वर्ष तथा चांद पुत्र रामबृक्ष निवासी ग्राम सराय शेरखान थाना रानीगंज उम्र करीब 19 वर्ष के दाहिने पैर में गोली लग गई।घायल बदमाशों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 02 अदद देशी तमंचा .315 बोर, 04 खोखा कारतूस, 02 जिंदा कारतूस तथा लूट की गई ई-रिक्शा की 01 बैटरी बरामद की है।पुलिस द्वारा मामले में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### कीमती पेड़ कटवाने का लगाया आरोप

**पट्टी।** तालाब की सरकारी भूमि पर लगे हरे पेड़ों के साथ-साथ किसान की निजी भूमि पर स्थित कीमती पेड़ों को कटवाकर ले जाने का गंभीर आरोप सामने आया है। विरोध करने पर पीड़ित को जान से मारने की धमकी दिए जाने का भी आरोप है। मामले की शिकायत पीड़ित ने उप जिलाधिकारी पट्टी से की है।पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सरमा गांव निवासी पवन कुमार सिंह ने उप जिलाधिकारी पट्टी को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि गांव के तालाब की भूमि पर स्थित सरकारी ब्रिज, शीशम, सागौन, रोलर, किलबिल आदि लगभग 30 हरे पेड़, जिनकी अनुमानित कीमत करीब एक लाख रुपये बताई जा रही है, गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा कटवा लिए गए।आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने पीड़ित की निजी भूमि पर स्थित सागौन, शीशम, सफेद व किलबिल के कीमती पेड़ों को भी कटवा दिया। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने लाइसेंसी बंदूक लेकर दौड़ा लिया और जान से मारने की धमकी दी। बताया जा रहा है कि इस दौरान करीब दो लाख रुपये मूल्य के पेड़ों को कटवाकर मौके से उठा लिया गया।पीड़ित ने सोमवार को एसडीएम पट्टी को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उप जिलाधिकारी पट्टी ने वन विभाग और पुलिस को संयुक्त रूप से जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयी एक सौ एक शिकायतें, नौ निस्तारित

**प्रतापगढ़।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में सोमवार को तहसील सभागार लालगंज में एसडीएम व सीओ ने फरियादियों की समस्याओं पर सुनवाई की। समाधान दिवस पर आयी कुल एक सौ एक शिकायतों में से अफसरों ने मौके पर नौ शिकायतों का निस्तारण कराया। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुए समाधान दिवस में अधिकतर शिकायतें जमीनी विवाद से जुड़ी दिखी। सर्वाधिक शिकायत राजस्व विभाग से जुड़ी अटठावन, पुलिस विभाग की चैदह, विकास की नौ आदि रही। एसडीएम ने शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम का गठन कराया और मातहतों से पारदर्शिता से शिकायतो के निस्तारण के कडे निर्देश दिये। पुलिस से जुडी समस्याओ पर सुनवाई करते हुए सीओ आशुतोष मिश्र ने लम्बित शिकायतो पर थानाध्यक्षो को कर्रा किया। समाधान दिवस मे तहसीलदार गरिमा वर्मा, नायब तहसीलदार पंकज कुमार, पूर्ति निरीक्षक अमित शुक्ल, एसडीओ विद्युत आशुतोष कुमार, वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्र, अधिशाषी अधिकारी इंद्र प्रताप आदि रहे।

### तहसील सदर में मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का आयोजन 06 जनवरी को

**प्रतापगढ़।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 में नये मतदाताओं का पंजीकरण अधिक से अधिक संख्या में मतदाता सूची में कराने के उद्देश्य की प्राप्ति हेतु इस पुनरीक्षण में युवा मतदाताओं के नाम सम्मिलित कराने पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जाना है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 06 जनवरी 2026 को दोपहर 12 बजे तहसील सदर में मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### राजस्व कर्मी व पुलिस की मौजूदगी में हुई मारपीट के मामले में 6 पर मुकदमा दर्ज

चौकी इंचार्ज की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा

**बेलखरनाथ धाम।** पट्टी थाना क्षेत्र के कांधरपुर गांव में पुलिस व राजस्व कर्मियों की मौजूदगी में पैमाइश के दौरान हुई दो पक्षों में मारपीट के मामले में चैकी इंचार्ज की तहरीर पर छः लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र के उक्त गांव निवासी शारदा प्रसाद पांडे एवं अवधेश पाण्डेय के बीच जमीनी विवाद काफी समय से चल रहा है। विवाद का निपटारा करने गयी राजस्व टीम के सामने दोनों पक्षों में विवाद शुरू हुआ और देखते ही देखते महिलाएं बच्चे वहां पहुंच गए और मारपीट शुरू हो गई ।इस मामले में पूरेधना चैंकी इंचार्ज कमलेश कुमार की तहरीर पर शारदा प्रसाद पांडे के पक्ष से चार व अवधेश के पक्ष के दो लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## राहुल 11 दुर्गादेई ने जीता पीसीएस ब्रदर्स क्रिकेट प्रतियोगिता

### फाइनल में बलराम पाण्डेय ने 72 रनों की खेली अच्छी पारी




**पट्टी।** पीसीएस ब्रदर्स कैनवास क्रिकेट प्रतियोगिता में एक सेफीफाइनल व एक फाइनल मैच खेला गया। यहां पर मुख्य अतिथि के रुप में पीपी उपाध्याय, सीपी उपाध्याय व सुधांशू उपाध्याय ने फाइनल मैच का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया।

पहला सेमीफाइनल मैच राहुल 11 दुर्गादेई व सरसी के बीच खेला गया।जिसमें राहुल 11 दुर्गादेई की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवरों में सोनू रुमाली के 55 रनों की मदद से 138 रन बनाए। जिसके जवाब में सरसी की टीम आठ ओवरों में 7 विकेट खोकर 65 रन ही बना पाई। जिससे राहुल 11 दुर्गादेई की टीम ने यह मैच जीत लिया। दूसरा फाइनल मैच खेला गया जो कि ब्लैक टाईगर व राहुल 11 दुर्गादेई के बीच खेला गया। जिसमें टास जीतकर ब्लैक टाईगर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित दस ओवरों में विवेक के 24 रनों की मदद से 109 रन बनाए। जिसके जवाब में दुर्गादेई के बलराम पाण्डेय के 72 व अरविन्द के 36 रनों की मदद से पांच ओवरों में ही 110 रन बनाकर राहुल 11 दुर्गादेई ने यह मैच जीत लिया। यहां पर मैन आफ दी मैच 72 रन व दो विकेट बलराम पाण्डेय को व मैन आफ दी सीरिज अफरीदुल 212 रन व 4 विकेट को दिया गया। विशेष अतिथि के रुप में पीसी सुदामा, प्रधान संतराम वर्मा, विजय प्रताप, विजय नारायण, रामआसरे, प्रधान प्रवीन रहे। मैंच मे अम्पायरिंग मुस्तक व शाद अली व कमेंटरी अश्विनी, रवि सिंह व सौरभ ने किया। यहां पर स्कोरिंग मंदीप ने किया। अजीत, कुलदीप, मुलायम, पवन, जयकुमार, राजा यादव व सौरभ सहित हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

### नववर्ष की होर्डिंग फाड़ने पर दी जान से मारने की धमकी

**कुंडा।** उतरार महेशगंज निवासी अभिषेक त्रिपाठी ने संग्रामगढ़ थाना पुलिस को शिकायती पत्र सौंपते हुए होर्डिंग तोड़े जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।शिकायत में बताया गया है कि 2 जनवरी को जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी की ओर से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ अभिषेक त्रिपाठी एवं स्थानीय पत्रकार रूपेंद्र शुक्ला द्वारा नववर्ष की शुभकामनाओं का एक होर्डिंग बाबागंज विकासखंड गेट के सामने लगाया गया था।आरोप है कि 4 जनवरी की रात करीब 10 बजे से 12 बजे के बीच कार सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने उक्त होर्डिंग को फाड़ दिया। घटना के दौरान पास में रहने वाले मजनू नाई ने जब इसका विरोध करते हुए शोर मचाया तो आरोपी भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।पीड़ित ने इसे सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान, राजनीतिक द्वेष और आपराधिक धमकी का मामला बताते हुए पुलिस से त्वरित कार्रवाई, सीसीटीवी फुटेज की जांच तथा आरोपियों के विरुद्ध कड़ी धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## छापेमारी में बीस लीटर शराब बरामद, एक गिरफ्तार




**प्रतापगढ़।** पुलिस व आबकारी टीम की संयुक्त कार्रवाई में अवैध शराब व लहन तथा शराब बनाने के उपकरणो के साथ एक आरोपी को धर दबोचा गया। उदयपुर थाना के दरोगा नंदलाल यादव व आबकारी निरीक्षक अशोक कुमार ने मुखबिर की सूचना पर रविवार की शाम करीब सात बजे क्षेत्र के पूरे जगन्नाथ देवरी गांव में छापेमारी की। जहां अवैध रूप से बनायी जा रही बीस लीटर शराब, लहन, शराब बनाने के उपकरणों के साथ ही आरोपी शंकर पुत्र सुखराज को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गयी।

### क्रिकेट टूर्नामेंण्ट में चंदन शिक्षा निकेतन की टीम बनीं विजेता

**लालगंज।** नगर पंचायत के अझारा वार्ड में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंण्ट में सोमवार को नगर पंचायत लालगंज व चंदन शिक्षा निकेतन शीतलमऊ के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। टॉस जीतकर चंदन शिक्षा निकेतन शीतलमऊ ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित दस ओवरों में सात विकेट के नुकसान पर तिरान्नवे रनों का विशाल स्कोर बनाया। चंदन शिक्षा निकेतन की ओर से मोहित ने चैदह, राजेश ने अठारह, आदिल ने बीस व हर्षित ने चैदह रनों का योगदान किया। बोलिंग करते हुए नगर पंचायत लालगंज की तरफ से कप्तान रोहित मिश्रा ने तीन विकेट प्राप्त किया। चैरान्नवे रनों का पीछा करने उतरी नगर पंचायत की टीम निर्धारित दस ओवरों में नौ विकेट के नुकसान पर उन्हत्तर रन ही बना सकी। चंदन शिक्षा निकेतन शीतलमऊ ने यह मैच चौबीस रनों से जीत लिया।

## हर्षोल्लास से मनाया गया विद्यालय का वार्षिकोत्सव

अखंड भारत संदेश



**पट्टी।** क्षेत्र के नारंगपुर स्थित सावित्री दयाराम विद्यालय का स्थापना दिवस एवं वार्षिकोत्सव समारोह शनिवार को उत्साहपूर्ण और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी पट्टी रहे, जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी अशोक कुमार श्रीवास्तव ने की।समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिससे पूरा वातावरण शैक्षिक चेतना और सांस्कृतिक ऊर्जा से सराबोर हो गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक दयाराम पांडे, प्राचार्य सुरेंद्र कुमार पांडे सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे।विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति गीत, मनमोहक नृत्य, नाट्य मंचन एवं प्रेरक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। बच्चों के आत्मविश्वास, मंच संचालन और प्रतिभा को देखकर अतिथिगण झूम उठे और खुले मन से सराहना की।मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी पट्टी ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार और सांस्कृतिक मूल्यों का समावेश समाज को मजबूत बनाता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अशोक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सावित्री दयाराम विद्यालय क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का केंद्र बनकर उभर रहा है और विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।समारोह के दौरान विद्यालय प्रबंधन की ओर से मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का सम्मान एवं स्वागत किया गया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण माहौल और सकारात्मक संदेश के साथ हुआ।इस अवसर पर शिक्षक पवन पांडे, चंद्रकेश सिंह, नीलम सिंह, प्रीति, संतोष विश्वकर्मा, संदीप मिश्रा, अनुज कुमार, सौरभ, ज्ञानेंद्र, हिमांशु, नेहा पांडे, श्याम शंकर पांडे, योगेश, आधा प्रसाद, ओंकारनाथ, राधेश्याम चैरसिया, भानु प्रकाश, दुर्गेश, पत्रकार बिंदु वर्मा सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### युवक के साथ मारपीट में दो पर मुकदमा दर्ज

**प्रतापगढ़।** युवक के साथ हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे रघ्घू सिंह राजापुर गांव निवासी शारदा प्रसाद पुत्र सूरजदीन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तीन जनवरी की शाम करीब साढ़े सात बजे उसका पुत्र अक्षय कुमार घर के समीप दुकान पर सामान लेने गया था। आरोप है कि इसी बीच रंजिशन गांव के कुलदीप पुत्र रामकिशोर व अंकित पुत्र हीरालाल उसे गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सिपाहियों की मौजूदगी में चली लाठियां सात लहूलुहान

## ● पांच सूखे पेड़ काटने का परमिट लेकर लकड़ी माफियाओं ने काट दिया 25 हरे फलदार पेड़

अखंड भारत संदेश



**हररायपुर कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहना पुर गांव में सोमवार को पांच सूखे पेड़ काटने का वन विभाग से परमिट लेने के बाद 25 हर फलदार महुआ के पेड़ को लकड़ी माफियाओं ने काट दिया है पेड़ काटे जाने के इस मामले में वन विभाग के से लेकर चौकी पुलिस की भूमिका पर फिर सवाल खड़े हैं पेड़ काटे जाने के बाद पड़ोसी के खेत में उसकी लकड़ी गिरा दी गई जिससे पड़ोसी के खेत के सरसों की फसल खराब हो गई जिस पर पड़ोसी ने विरोध किया तो दबंगों ने लाठियों से पीट-पीट कर दो महिलाओं समेत पांच लोगों को लहूलुहान कर दिया है दूसरे पक्ष के दो लोगों को भी मामूली चोटे आई हैं हरे फलदार पेड़ काटे जाने की जानकारी स्थानीय चौकी पुलिस को गांव के लोगों ने दी थी जिस पर मौके पर चौकी पुलिस के सिपाही पहुंचे जानकारी मिलने के बाद वन विभाग के डीएफओ भी मौके पर पहुंच गए हरे फलदार पेड़ काटे जा रहे थे शिकायत को लेकर के लकड़ी माफिया ने पुलिस की मौजूदगी में लाठी से पिटाई शुरू कर दी दौड़ा-दौड़ा कर शिकायत करने वालों को मारा पीटा गया है घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी गई है और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है हमलावर फरार बताए जाते हैं। बताया जाता है कि गांव के सुरेंद्र पक्ष का पेड़ खेत में खड़ा है सुरेंद्र सोमवार को अपने महुआ के हरे पेड़ को कटवा रहा था महुआ के पेड़ गिर कर फूला देवी के खेत पर चला गया जिससे फूला देवी के खेत की सरसों की फसल खराब हो गई इसी बात को लेकर फूला देवी ने विरोध किया वन विभाग और पुलिस को सूचना दी सूचना मिलने के बाद पुलिस और वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे दूसरे पक्ष के सुरेंद्र सुभाष प्रदीप तथा कुछ अन्य लोग लाठी लेकर पहुंच गए और फूला देवी को पीटने लगे हल्ला सुनकर उसके बेटे आकाश अजय बेटी सुलोचना और शिव शंकर भी मौके पर पहुंच गए जिस पर बेटी बेटों को भी लाठियों से पीटा गया दोनों पक्षों में जमकर विवाद हुआ लाठियों से हमला कर फूला देवी उसके बेटे आकाश अजय सुलोचना और शिव शंकर को गंभीर घायल कर दिया है हमला करने वाले पक्ष के भी दो लोग चोट खा गए हैं मौके पर चीख पुकार मच गई हो हल्ला सुनकर आसपास के लोग मौके पहुंच गए लेकिन बीच बचाव करने का साहस नहीं कर सके सूचना पाकर मौके पर थाना पुलिस भी पहुंच गई घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है हमलावर मौके से फरार हो गए हैं जिनकी तलाश पुलिस कर रही है घायलों की स्थिति गंभीर देखकर पुलिस ने मामले में हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है लेकिन पुलिस की मौजूदगी में लाठियों से हमले के बाद बड़े सवाल खड़े हो गए हैं दूसरा सवाल खड़ा है कि हरे फलदार पेड़ लकड़ी माफिया ने किसके परमिशन से काट दिया है।

# अम्बावा पश्चिम की सरकारी आराजी संख्या 104 पर दबंगों का कब्जा तहसील प्रशासन नतमस्तक

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के नजदीक अम्बवा पश्चिम ग्राम पंचायत की आराजी संख्या 104 रकवा लगभग 6 बीघा का एक हिस्सा जमीन गांव के दबंगों ने कुछ वर्षों पहले कब्जा कर लिया है इसी भूमि पर सामुदायिक भवन का निर्माण है लेकिन दबंगों के कब्जे के बाद बीते 5 वर्षों से तहसील प्रशासन सरकारी जमीन को खाली नहीं कर सका इस बीच कई तहसीलदार आए कई एसडीएम आए कई जिला अधिकारियों की तैनाती हुई लेकिन सरकारी जमीन सुरक्षित करने का साहस कोई भी अधिकारी नहीं कर सका है जिससे दबंग के बढ़ते हौसले का अंदाजा लगाया जा सकता है बताया जाता है कि जिस सरकारी जमीन आराजी संख्या 104 में दबंगों द्वारा कब्जा किया गया है इसकी कीमत वर्तमान में करोड़ों में है मामले की शिकायत आईजीआरएस के माध्यम से कई बार अधिकारियों से हुई लेकिन हर बार जांच के दौरान मनमानी रिपोर्ट लगाकर मामले में लीपा पोती कर सरकारी जमीन से दबंग को बेदखल नहीं किया गया है इस कब्जे की आड़ में तहसील के अधिकारियों ने धन वसूली की है या फिर दबंग माफिया के सामने तहसील प्रशासन नतमस्तक है यह तो जांच का विषय है जबकि योगी सरकार का कहना है कि सरकारी जमीनों पर कब्जे खाली कराए जाएं लेकिन मंझनपुर तहसील क्षेत्र में योगी सरकार के निर्देश का पालन करते लेखपाल तहसीलदार नहीं दिखाई पड़ रहे हैं जिससे भ्रष्टाचार मुक्त सरकार की बात करना भी बेमानी साबित हो रहा है।



# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तहसील चायल में सुनी जनशिकायतें

**कौशाम्बी।** जिले के सभी तहसीलों में आज सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने तहसील चायल में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त प्रार्थना-पत्रों पर संबंधित अधिकारियों को ऑनलाइन आवेदन कराकर पात्रता की स्थिति में लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए ।सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 32 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 01 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। तहसील मंझनपुर में कुल 22 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील सिराथू में कुल 22 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

## नाबालिग बालिका से दुष्कर्म आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र की एक नाबालिग बालिका के साथ 04 जनवरी को जबरन दुष्कर्म किया गया बालिका ने घटना की जानकारी परिवार के लोगों को दी थाना पश्चिम शरीरा पर अभियोग पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में 05.01.2026 थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित रेप के अभियुक्त रामकुमार सरोज पुत्र स्व0 राम सुरेमन निवासी ग्राम डहरई थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया है।

## वारण्टी अभियुक्त को सराय अकिल पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 219/2008 धारा 380,411 भदवि से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त बकुला धोबी उर्फ विनोद कुमार पुत्र भईयन उर्फ कृष्णा प्रसाद निवासी युसुफपुर थाना सराय अकिल को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

# ट्रांसफार्मर तोड़ कर पांच लाख कीमत का तेल उपकरण उठा ले गए चोर

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू पावर हाउस क्षेत्र के जानकीपुर गांव के समीप रविवार की रात 11 हजार लाइन की ब्लास्ट कर चोर ढाई सौ केवीए का ट्रांसफार्मर तोड़ दिया और पांच लाख कीमत का तेल उपकरण चोर उठा ले गए हैं ट्रांसफार्मर खराब होने से ढाई सौ घरों की बत्ती गुल हो गई ऐसे में अंधेरे में रहने के साथ लोगों को पेयजल सहित अन्य समस्याओं से परेशान होना पड़ रहा है विद्युत लाइन फाल्ट करने के बाद ट्रांसफार्मर का उपकरण और तेल चोरी किए जाने का यह मामला बेहद गंभीर है और बिना बिजली विभाग के किसी अनुभवी कर्मचारी के विद्युत करंट का झंझट चोर गिरोह मोल नहीं ले सकते हैं विद्युत विभाग का विभीषण कौन है जिसने 5 लाख की चोरी कराई है यह बड़ी जांच का विषय है। इस संबंध में विद्युत एसडीओ रमाशंकर पाल ने बताया पांच लाख कीमत का सामान चोरों ने पार कर दिया है। घटना की तहरीर सैनी पुलिस को देकर विभाग के अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई है। सिराथू विद्युत उपखंड क्षेत्र के टाउन फीडर के जानकीपुर गांव के समीप धाता मार्ग किनारे स्थापित ट्रांसफार्मर की रात 12 बजे आपूर्ति बंद कर चोरों ने ट्रांसफार्मर को नीचे गिरा दिया इसके बाद कटर मशीन से काटकर 200 लीटर तेल, बुसेंज सहित अन्य उपकरण उठा ले गए। ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद जानकीपुर व गुलहरिया वार्ड के दो सौ घरों की बत्ती गुल हो गई। इसके बाद लोगों को अंधेरे में रहने के साथ विद्युत चलित उपकरण न चलने वापस जल की समस्या से परेशान होना पड़ रहा है। लाइनमैन मनीष कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी एसडीओ सहित अन्य अधिकारियों को दी। अवर अभियंता आशीष कुमार मौर्य ने चोरी की सूचना पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है लेकिन इस घटना में सबसे बड़ा सवाल यहां खड़ा है कि पलक झपकते इस घटना को अंजाम नहीं दिया जा सकता और विद्युत फाल्ट के बाद विद्युत विभाग के अधिकारी कहां सोते रहे जिससे इस घटना को अंजाम देने के लिए कई घंटे तक घटनास्थल पर चोर गिरोह के सदस्य मौजूद रहे यदि विद्युत विभाग के अधिकारियों की साठगांठ स्वीकृति न होती तो कई घंटे तक बेखौफ चोर ट्रांसफार्मर का सामान उपकरण और तेल चोरी करके ले जाने में कामयाब ना होते इतना ही नहीं जिस तरह से ट्रांसफार्मर से सामान की चोरी हुई है किसी बड़े वाहन का प्रयोग हुआ है वह वाहन किसका है यह भी बड़ी जांच का विषय है यदि पुलिस ने निष्पक्ष तरीके से जांच की तो विभाग के विभीषण का नाम भी उजागर होगा।

# 2 करोड़ का बजट लेकर फरार होने वाले ठेकेदार पर जल निगम के अधिकारी मेहरबान

अखंड भारत संदेश




पौने तीन करोड़ की लागत से बनने वाली पानी टंकी ढाई वर्ष बाद भी नहीं हो सकी पूर्ण


**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के मीरपुर तालुका गांव में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत लगभग पौने तीन करोड़ की लागत से पानी टंकी का निर्माण कराया जाना 08 जुलाई 2023 में प्रस्तावित हुआ पानी टंकी का निर्माण शुरू हुआ सरकारी खजाने से करोड़ों का बजट ठेकेदारों को भेज दिया गया लेकिन आधा अधूरा निर्माण करके ठेकेदार मौके से भाग गए हैं बताया जाता है की योजना में कमीशन के बंटवारे को लेकर अधिकारियों ठेकेदारों के बीच विवाद की स्थिति बनी हुई है जिससे गांव के लोगों को घर-घर पानी नहीं मिल सका है पानी की समस्या बरकरार रह गई है सवाल उठता है कि अधूरा निर्माण करने के बाद भाग जाने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध अभी तक जल निगम के अधिकारियों ने मुकदमा दर्ज कराकर ठेकेदारों की गिरफ्तारी क्यों नहीं कराई है जिससे जल निगम के अधिशासी अभियंता की भी भूमिका सवालों के घेरे में खड़ी है कई बार ग्रामीणों ने पानी टंकी निर्माण पूर्ण करने और पानी की सप्लाई करने की मांग अधिकारियों से की लेकिन विभागीय अधिकारियों के कान में जू नहीं रेंगती है जिससे लगभग पौने तीन करोड रुपए के भ्रष्टाचार में ठेकेदारों के साथ विभागीय अधिकारियों की मिली भगत से इनकार नहीं किया जा सकता। बताया जाता है कि मीरपुर तालुका में दो करोड़ 68 लाख 95 हजार रुपए की लागत से हर घर जल की जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत पानी टंकी का निर्माण का कार्य 8 जुलाई 2023 को शुरू कराया गया 1760 घरों तक पानी पहुंचाने की योजना बनाई गई धीरे-धीरे ढाई वर्ष का समय बीत गया सूत्र बताते हैं कि 2 करोड़ रुपए से अधिक का बजट सरकारी खजाने से ठेकेदार को अवमुक्त कर दिया गया है लेकिन मौके पर 20 प्रतिशत का भी कार्य नहीं हुआ है आखिरी दो करोड रुपए का बजट लेकर फरार हो जाने वाले ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज करके अभी तक गिरफ्तारी क्यों नहीं कराई गई है यह जल निगम के अधिकारियों पर सवाल खड़े हो गए हैं।

# विडंबना : अनपढ़ गवार बने सरकारी विद्यालयों के अध्यापक बच्चों का भविष्य कर रहे बर्बाद

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** सरकारी विद्यालयों में अध्यापकों की नियुक्ति को लेकर के बड़ा खेल हो रहा है जिससे सरकारी विद्यालय की शिक्षा व्यवस्थाएं नहीं सुधर रही है सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों का भविष्य इस तरह के सरकारी शिक्षक बर्बाद कर रहे हैं जो खुद पढ़े-लिखे योग्य नहीं है बच्चों को पढ़ाने का ठेका लेते हैं हालांकि वेतन के नाम पर शिक्षकों का भविष्य सुधर रहा है अनपढ़ गवार जैसे शिक्षक सरकारी विद्यालय में नियुक्ति पा चुके हैं और वह गांव के गरीब परिवार के बच्चों को शिक्षा देकर गरीब परिवार के बच्चों का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं जब शिक्षकों को गणित नहीं आएगी और गलत गणित बच्चों को पढ़ाएंगे तो बच्चों को भविष्य बर्बाद हो जाएगा अनपढ़ गवार इन शिक्षकों की

## शिक्षकों की नियुक्ति करने वाले अधिकारियों के कारनामों पर भी खड़े हैं बड़े सवाल




नियुक्ति पर भी बड़े सवाल खड़े हैं कि बिना योग्यता के इन्हें कैसे नियुक्ति में सिलेक्शन कर लिया गया है शिक्षक भती में शामिल चयन समिति के जिम्मेदारों पर भी बड़े सवाल खड़े हैं कि आखिर किस दवाब में इन शिक्षकों की नियुक्तियां की गई है क्या नियुक्ति अधिकारियों के पास लिफाफे पहुंचे हैं अनपढ़ गवार बने शिक्षकों के कारनामों की चर्चा करें तो मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के नगर पालिका परिषद मंझनपुर अंतर्गत एक सरकारी विद्यालय में एक टीचर की स्थिति यह है कि उसे 15X 3 = 45 नहीं आता है वह बच्चों को 15 X3 = 75 पढ़ा रही है जिन शिक्षकों को शुद्ध गणित नहीं आती है वह कैसे शिक्षक बन गई है उनके शिक्षक बनने पर सवाल खड़े हैं लेकिन इस तरह के शिक्षकों पर अभी तक खंड शिक्षा अधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कार्यवाही नहीं की है जिससे इन अधिकारियों के भी निष्ठा पर सवाल खड़े हैं कि निरीक्षण के दौरान यह अधिकारी विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था का क्या जायजा लेते हैं मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के एक गांव के सरकारी विद्यालय में इस महिला शिक्षिका के बारे में जांच कराई गई तो बड़े कारनामे उजागर होंगे कि कैसे 15X3 = 45 नहीं 15X3 = 75 होता है।






# पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और पद्म विभूषण कल्याण सिंह की 94वीं जयंती 5 जनवरी को नगर पालिका मंझनपुर के वार्ड 24 संत कबीर नगर ओसा गडरिया का डेरा में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर गरिमापूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय जनता पाटी के जिला अध्यक्ष धमर्राज मौर्य मुख्य अतिथि और मंझनपुर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र सरोज फौजी विशिष्ठ अतिथि उपस्थित रहे ।कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन करने के साथ हुई। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कल्याण सिंह को 'सुशासन का प्रतीक' बताया और राम मंदिर आंदोलन में उनके ऐतिहासिक त्याग को याद किया। कल्याण सिंह का जन्म 5 जनवरी, 1932 को अलीगढ़ के अतरौली में हुआ था। उन्हें 'हिंदू हृदय सम्राट' के नाम से भी जाना जाता था। इस अवसर पर भाजपा नेता मंझनपुर पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश लोधी , सभासद प्रतिनिधि आयवीर लोधी, सभासद रामयश लोधी अंसुल केसरवानी और पूर्व जिला पंचायत सदस्य हीरालाल लोधी सहित कई वक्ताओं ने कल्याण सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला ।उन्होंने बताया कि कल्याण सिंह ने बचपन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़कर खुद को राष्ट्रभक्ति के सांचे में ढाला था। वक्ताओं ने उनके बहुआयामी व्यक्तित्व का उल्लेख करते हुए बताया कि कल्याण सिंह ने किसान और शिक्षक के रूप में कार्य किया। वे 1977 में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बने, विधायक और सांसद रहे, दो बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का पद संभाला और दो राज्यों के राज्यपाल भी रहे ।उनके द्वारा 1990 के दशक में रामजन्म भूमि आंदोलन और उसके बाद प्रदेश की राजनीति को नई दिशा देने तथा प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों को 'नए उत्तर प्रदेश का दर्शन' कराने वाला बताया गया। कल्याण सिंह का निधन 21 अगस्त, 2021 को हुआ था लेकिन उनका मार्गदर्शन आज भी शासन प्रशासन के लिए प्रासंगिक माना जाता है ।इस अवसर पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मंझनपुर सुरेश नागर चौधरी भाजपा जिला मंत्री कमल कुशवाहा कार्यक्रम आयोजक राज कुमार लोधी सहित लोधी सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

# 7 लाख की हैसियत प्रमाण पत्र दाखिल कर चुनाव लड़ने वाली महिला ग्राम प्रधान की 5 वर्ष में हैसियत बनी 10 करोड़

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** ग्राम पंचायत में कमीशन खोरी के चलते भ्रष्टाचार चरम पर है यह बात जन-जन की जुबान में है लेकिन अधिकारी मानने को तैयार नहीं है पूरे जिले की तमाम ग्राम पंचायत में प्रधान का चुनाव लड़ने के वक्त निर्वाचन आयोग को दिए गए शपथ पत्र में आर्थिक स्थिति के हवाले से यदि प्रधानों की वतर्मान आर्थिक स्थिति की जांच कर ली जाए तो ग्राम पंचायत के भ्रष्टाचार का बड़ा खुलासा हो जाएगा लेकिन 5 वर्ष के प्रधान के कार्यकाल के दौरान करोड़पति बने ग्राम प्रधानों की हैसियत की जांच करने के लिए ना तो विकास भवन के अधिकारी तैयार दिखाई पड़ रहे हैं और ना तो जिले से लेकर मंडल और प्रदेश तक के अधिकारी रातों रात करोड़ पति बने प्रधान की हैसियत की जांच करने को तैयार नहीं दिखाई पड़ रहे हैं जिससे ग्राम पंचायत के भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लग रहा है और सरकारी

## रातों रात करोड़ पति बने प्रधान की हैसियत की जांच करने को तैयार नहीं दिखाई पड़ रहे हैं अधिकारी

खजाना ग्राम प्रधान की निजी जागीर बनकर रह गई है। बढ़ते भ्रष्टाचार के चलते गांव में नाली पानी सड़क और मूलभूत जन समस्याओं से जनता जूझ रही है करोड़ों खर्च के बाद गांव की समस्या का समाधान तमाम प्रयास के बाद भी नहीं हुआ है ग्राम पंचायत के विकास के लिए मिलने वाले करोड़ों की रकम को प्रधान जागीर समझने लगे हैं और यदि किसी ग्रामीण ने हकीकत उजागर करने के उद्देश्य से अधिकारियों को शिकायती पत्र दिया तो उससे झगड़ा लड़ाई पर भी तैयार हो जाते हैं ग्राम पंचायत के प्रधान वा पंचायत सचिव का खंड विकास अधिकारी और डीपीआरओ से इस कदर के गठजोड़ हो गई है कि अधिकारी भी ग्राम पंचायत के भ्रष्टाचार को सुनने को तैयार नहीं है तमाम प्रधानों के भ्रष्टाचार के मामले में मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के एक ग्राम पंचायत का उदाहरण पर्याप्त है इस गांव की महिला ग्राम प्रधान ने पंचायत चुनाव में सात लाख रुपए की अपनी आर्थिक स्थिति निर्वाचन आयोग के समक्ष नामांकन पत्र प्रस्तुत कर चुनाव लड़े थे मंझनपुर विकास खंड क्षेत्र की यह ग्राम प्रधान चुनाव जीत गई हालांकि प्रधान और उनके परिवार के लोगों का कहना है कि वह ईमानदार है वह कमीशन नहीं खाते हैं तो सवाल उठता है कि कौन से जरायम के धंधे में प्रधान उनके परिवार के लोगों ने रातों रात करोड़ो की दौलत अर्जित की हैं प्रधान के परिवार की सामाजिक शोहरत भी ठीक नहीं है चुनाव जीतने के बाद प्रधान और उनके परिवार की हैसियत 5 वर्षों में रातों रात बदल गई है और 5 वर्षों के दौरान महिला ग्राम प्रधान के परिवार ने कई बीघा खेत खरीद लिया बहुमंजिला मकान बनवा लिया फॉर्च्यूनर कार वरना कार जेसीबी मशीन दो ट्रैक्टर बोलोरो पिकअप सहित कई वाहन खरीद लिए लेकिन प्रधान परिवार की ईमानदारी कम नहीं हुई तो फिर 5 वर्ष के दौरान प्रधान और उसके परिवार के पास 10 करोड़ की हैसियत किस आमदनी से हुई है जो बड़ी जांच का विषय है लेकिन रातों-रात करोड़ों रुपए अर्जित करने वाले प्रधान पर गुंडा एक्ट की कारर्वाई नहीं हुई गैंगस्टर एक्ट 14 ए की भी कारर्वाई नहीं हुई आखिर किस तरीके से प्रधान ने 5 वर्षों में 10 करोड़ की संपत्ति अर्जित की है इसका लेखा-जोखा भी सरकारी कार्यालय से लेकर जनता के बीच देने की हिम्मत प्रधान और उनके परिवार के लोग नहीं कर पा रहे हैं यदि पांच वर्षों के कार्यकाल में प्रधान की अचानक बढ़ी अकूत संपत्ति की शासन प्रशासन में जांच कराई तो ग्राम प्रधान के कारनामों का बड़ा भंडाफोड़ होगा।

## कार्यालय ग्राम पंचायत रहीमपुर मौलानी, वि. ख. मंझनपुर, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं./मनरेगा/2025-26 **अल्पकालीन निविदा सूचना** दिनांक : 05.01.2026

मनरेगा योजना के अतर्गत निम्नलिखित कार्यो पर निम्न विवरण के अनुसार कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु व्यापार कर एवं आयकर विभाग में पंजीकृत फर्मों द्वारा शीलबन्द निविदा दिनाँक 06-01-2026 से दिनाँक 13-01-2026 तक निविदा आमंत्रित की जाती है तथा दिनाँक 15-01-2026 को 12 बजे टेण्डर खोला जायेगा। अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय ग्राम पंचायत रहीमपुर मौलानी ब्लाक मंझनपुर जनपद-कौशाम्बी से प्राप्त की जा सकती है।

### प्रस्तावित सामग्री आपूर्ति का विवरण

| क्र0 | कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर धनराशि | सामग्री आपूति की धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत रहीमपुर मौलानी में मॉडल उचित दर दुकान एवं जन सुविधा केंद्र का निर्माण कार्य | 200 रू0 | 21,176.00 रू0 | 10,58,837.00 रू0 |

निविदा की शर्ते :-निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 2 प्रतिशत जमानत धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/के0वी0पी0 के रूप में ग्राम पंचायत रहीमपुर मौलानी विकास खण्ड मंझनपुर कौशाम्बी के नाम बंधक होना चाहिए।
3. निविदा की अन्य शर्ते लागू रहेंगीं।

नरगिस फातिमा
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रहीमपुर मौलानी
वि0 ख0 मंझनपुर, कौशाम्बी

कमलेश कुमार
सचिव
ग्राम पंचायत रहीमपुर मौलानी
वि0 ख0 मंझनपुर, कौशाम्बी

## सम्पादकीय

# बढ़ते शहरीकरण में पिछड़ता कचरा प्रबंधन

**हाल** की प्रदूषित पानी की दुर्घटना और नतीजे में करीब दस लोगों की मौतें और सैकडों की बीमारी ने इंदौर की साफ-सफाई पर धब्बा लगा दिया है। एक तरफ, 'स्वच्छता सर्वेक्षणों' में वर्ष 2016 से इंदौर लगातार शीर्ष पर बना हुआ है। यहां कचरा पृथक्करण, 'डोर टू डोर कलेक्शन,' आधुनिक प्रोसेसिंग प्लांट, बायोएनर्जी और कंपोस्टिंग, प्लास्टिक कचरे का प्रबंधन इत्यादि बहुत सी तकनीकें हैं जिनसे जनभागीदारी पर आधारित 'इंदौर मॉडल' सामने आया है।

आजादी के बाद भारत के हर क्षेत्र में विकास के साथ-साथ बहुत सी समस्याएं भी खड़ी हुई हैं जिनका स्थाई समाधान अभी तक नहीं हो पाया है। इनमें शहरों के ठोस कचरे का प्रबंधन एक गंभीर समस्या है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में शहरी आबादी 30 प्रतिशत थी और इसके 2030 तक 40 प्रतिशत पहुंचने का अनुमान है। शहरी आबादी लगभग 2.3 प्रतिशत सलाना की दर से बढ़ रही है और इससे आर्थिक सामाजिक परिदृश्य में भी तेजी से बदलाव हो रहे हैं। बढती जनसंख्या के कारण पर्याप्त आवास, परिवहन और अन्य सेवाओं की कमी के साथ-साथ कचरा प्रबंधन भी एक बड़ी समस्या के रूप में उभरा है। आज भारत के जितने बड़े शहर हैं वहां उतने ही बडे कचरे के ढ़ेर मिलेंगे। दिल्ली का गाजीपुर, मुंबई का देवनार लैंडफिल कचरे के पहाड़ बन चुके हैं जिनसे निकलने वाली मीथेन गैस आसपास के निवासियों में विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं पैदा करती है। इससे न केवल मानवीय स्वास्थ्य पर असर पड़ता है, बल्कि वहां की मिट्टी और हवा भी बुरी तरह से प्रदूषित होती है। गाजीपुर लैंडफिल से प्रतिवर्ष 3000 टन से अधिक मीथेन गैस का उत्सर्जन होता है। वैज्ञानिक अध्ययनों से पता चला है कि गाजीपुर और देवनार लैंडफिल के पड़ौस में बसे लोगों में अस्थमा और ब्रोंकाइटिस की 30 प्रतिशत वृद्धि हुई है और श्वसन की अन्य बीमारियां भी तेजी से बढ़ रही हैं। हम इस समय 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन कचरा प्रबंधन चुनौती बनकर हमारे सामने खड़ा है। वर्तमान में यह लगभग 14.50 करोड़ टन प्रतिवर्ष की दर से पैदा हो रहा है और 2047 तक इसके 26 से 30 करोड़ टन प्रतिवर्ष तक पहुंचने की संभावना है। हालांकि 'स्वच्छ भारत मिशन' के तहत गोबर को खाद और बायोगैस में बदलने तथा प्रबंधित करने की केंद्रीय योजना 'गैल्वनाइजिंग ऑर्गेनिक बायो-एग्रो रिसोर्सेज धन' (गोबर-धन योजना) जैसी कोशिशों से रचनात्मक काम किया जा रहा है, लेकिन जिस मात्रा में ठोस कचरा पैदा हो रहा है, उसका निपटान नहीं हो पा रहा है। भारत में 'पर्यावरण संरक्षण अधिनियम-1986' और 'ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2016' के तहत एक नियमावली बनाई गई है, लेकिन उसका प्रभावशाली क्रियान्वयन होना आवश्यक है, ताकि व्यक्तिगत स्तर पर इस समस्या के समाधान हेतु जागरूकता पैदा हो सके। हालांकि नगरपालिकाओं द्वारा घर-घर कचरा संग्रहण एवं डंपिंग स्टेशनों पर ऐसी व्यवस्थाएं की जाती हैं ताकि उसका कंपोस्ट बनाने में उपयोग किया जा सके, लेकिन घरेलू और संस्थागत स्तर पर कचरे का पृथक्करण नहीं किया जा रहा है।

# इन्दौर की जल-त्रासदी और प्रशासनिक लापरवाही का नंगा चेहरा

-ललित गर्ग-

**स्वच्छता** रैंकिंग में लगातार टॉप पर आने वाले इंदौर में दूषित पेयजल की वजह से हुई मौतें कथनी और करनी की असमानता की पौल खोलती भयावह लापरवाही का नतीजा हैं। स्थानीय लोगों का यह आरोप बेहद गंभीर है कि पानी की क्वॉलिटी को लेकर लगातार शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई और दुर्भाग्य से इतनी बड़ी वारदात के बाद भी अदालत को दखल देकर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करने का आदेश देना पड़ रहा है। यह केवल एक दुर्घटना नहीं है और न ही इसे तकनीकी खामी कहकर टाला जा सकता है। यह घटना उस व्यवस्था का क्रूर और नंगा सच है, जो स्वच्छता के तमगों से सजी हुई है लेकिन भीतर से सड़ चुकी है। जिस शहर को लगातार सात वर्षों तक देश का सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया जाता रहा, वहीं दूषित पेयजल के कारण पंद्रह निर्दोष लोगों की मौत हो जाना पूरे तंत्र पर एक गहरा प्रश्नचिह्न है। यह त्रासदी साबित करती है कि चमकदार रैंकिंग और पुरस्कार जीवन की वास्तविक सुरक्षा का विकल्प नहीं हो सकते। इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति करने वाली पाइपलाइन में सीवर का पानी मिल गया, जिससे हजारों लोगों का जीवन खतरे में पड़ गया। सौ से अधिक लोग अस्पताल में भर्ती हुए, सैकड़ों बीमार पड़े और अनेक परिवार हमेशा के लिए उजड़ गए। सभ्य समाज में यह कल्पना ही आत्मग्लानि से भर देने वाली है कि जिस पानी को जीवनदायिनी मानकर पिया गया, वही सीवर की गंदगी से मिला हुआ था।

सबसे अधिक पीड़ादायक तथ्य यह है कि यह सब अचानक नहीं हुआ। नागरिकों ने पहले ही दूषित पानी की शिकायतें की थीं। पानी के रंग, गंध और स्वाद में बदलाव की जानकारी दी गई थी, लेकिन नगर निगम, जलप्रदाय विभाग और स्वास्थ्य तंत्र कुंभकर्णी नींद में सोए रहे। प्रशासन तब हरकत में आया जब मौतें हो चुकी थीं। यह लापरवाही नहीं, बल्कि गहरी संस्थागत असंवेदनशीलता, क्रूरता एवं अमानवीयता है। यह उस प्रशासनिक संस्कृति का परिणाम है जिसमें फाइलें और औपचारिकताएं मानव जीवन से अधिक मूल्यवान हो गई हैं। सवाल यह नहीं है कि पानी में सीवर कैसे मिला, असली सवाल यह है कि चेतावनियों के बावजूद इसे रोका क्यों नहीं गया? हर बार की तरह इस बार भी जांच समितियां बनीं, मुआवजे की घोषणाएं हुईं और कुछ अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया। भले ही अपर नगर आयुक्त को इंदौर से हटा दिया है और प्रभारी अधीक्षण अभियंता से जिम्मेदारी वापस ले ली है। लेकिन, क्या इतना काफी है? इस तरह की ह्यरूटीनह्न कार्रवाई जिम्मेदारों को सबक नहीं देतीं, बल्कि पीड़ितों का मजाक बनाती हैं। क्या इन दिखावे की कार्रवाइयों से मृतकों का प्रायश्चित हो गया? क्या इससे भविष्य में ऐसी घटनाएं रुकेंगी? सच्चाई यह है कि जांच समितियां अब जवाबदेही तय करने का नहीं, बल्कि मामले को ठंडा करने का माध्यम बन चुकी हैं।

इस दुखद घटना के बाद राजनीतिक बयानबाजी ने लोगों के घावों को और गहरा किया। जिस क्षेत्र में यह त्रासदी घटी, उसके प्रतिनिधि और राज्य के नगरीय विकास मंत्री, जिनके अधीन पेयजल आपूर्ति का विभाग आता है, उनकी असंवेदनशील टिप्पणियों ने जनता के आक्रोश को बढ़ाया। बाद में खेद प्रकट किया गया, लेकिन सवाल यह है कि खेद से क्या उन परिवारों का भविष्य सुरक्षित हो जाएगा, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया? यह सही है कि उमा भारती जैसी वरिष्ठ नेत्री ने दोषियों से प्रायश्चित और दंड की मांग की, लेकिन देश का अनुभव बताता है कि ऐसी मांगें अक्सर समय के साथ फीकी पड़ जाती हैं।



मध्य प्रदेश में डबल इंजन वाली सरकार का खूब प्रचार किया जाता है, लेकिन इंदौर की घटना ने दिखा दिया कि यदि व्यवस्था की पटरियां जर्जर हों, तो इंजन कितने भी हों, दुर्घटना तय है। नववर्ष की पूर्व संध्या पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुधार, क्रियान्वयन और रूपांतरण की बात कही थी और जीवन को सुगम बनाने के लिए प्रणालियों को अधिक अनुकूल बनाने पर जोर दिया था। लेकिन जब नागरिकों को स्वच्छ जल, स्वच्छ हवा, स्वस्थ चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाएं ही सुरक्षित रूप से उपलब्ध न हों, तो जीवनयापन को सुगम बनाने की बात खोखली लगती है। सर्वोच्च न्यायालय बार-बार स्पष्ट कर चुका है कि स्वच्छ पर्यावरण और सुरक्षित जल का अधिकार संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत जीवन के मौलिक अधिकार का हिस्सा है। इंदौर की यह त्रासदी इस अधिकार का खुला उल्लंघन है। यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर पानी में जहरीला पदार्थ मिलाए और उससे लोगों की मौत हो जाए, तो वह गंभीर अपराध माना जाता है। फिर जब प्रशासन की लापरवाही से जहरीला पानी घर-घर पहुंचता है और लोगों की जान जाती है, तो उसे अपराध क्यों नहीं माना जाए? यह गैर-इरादतन हत्या से कम गंभीर मामला नहीं है।

इंदौर की घटना यह भी उजागर करती है कि स्वच्छता रैंकिंग, स्मार्ट सिटी के दावे और चमकदार प्रचार व्यवस्थागत नाकामी को छिपा नहीं सकते। सड़कें साफ हो सकती हैं, दीवारें रंगी जा सकती हैं, लेकिन यदि पाइपलाइनों के भीतर जहर बह रहा है, तो ऐसा विकास जनता के साथ छल है। यह समस्या केवल इंदौर तक सीमित नहीं है। देश के अनेक छोटे-बड़े शहरों में जर्जर पाइपलाइनें, अवैज्ञानिक सीवर व्यवस्था और भ्रष्ट ठेकेदारी तंत्र वर्षों से नागरिकों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। कहीं हैजा फैलता है, कहीं पीलिया, कहीं दस्त और संक्रमण, लेकिन हर बार इसे स्थानीय समस्या कहकर टाल दिया जाता है। अब सवाल यह है कि क्या इंदौर की पंद्रह मौतें भी प्रशासन को जगाने के लिए पर्याप्त नहीं हैं? क्यों नहीं ऐसी घटनाओं को आधार बनाकर प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार और लापरवाही पर सख्त कार्रवाई का बुलडोजर चलाया जाता? आज जब अवैध निमार्णों और गरीब बस्तियों पर बुलडोजर चल सकता है, तो प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार पर क्यों नहीं? क्यों उन अधिकारियों पर आपराधिक मुकदमे दर्ज नहीं होते, जिनकी अनदेखी से लोगों की जान चली जाती है? क्यों सेवा से बर्खास्तगी और जेल की सजा जैसे कठोर कदम नहीं उठाए जाते?

यह घटना पूरे देश के लिए चेतावनी है। सभी राज्यों और स्थानीय निकायों को पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का गंभीरता से ऑडिट करना चाहिए। मुख्य पाइपलाइनों का नियमित निरीक्षण हो, सीवर और जल आपूर्ति लाइनों के बीच सुरक्षित दूरी सुनिश्चित की जाए और यह स्पष्ट तय हो कि किस स्तर का अधिकारी किस गड़बड़ी के लिए जिम्मेदार होगा। जवाबदेही केवल कागजों में नहीं, व्यवहार में दिखनी चाहिए। जब तक लापरवाही को अपराध नहीं माना जाएगा और दोषियों को वास्तविक दंड नहीं मिलेगा, तब तक ऐसी त्रासदियां दोहराती रहेंगी। आज भी देश में हर एक लाख आबादी पर औसतन लगभग 35 लोगों की दूषित पेयजल की वजह से जान जाती है। ग्लोबल एवरेज की तुलना में यह लगभग तीन गुना है। बेशक सरकार ने जल जीवन मिशन जैसे अभियान चलाए हैं, जिसकी बदौलत करीब 81 प्रतिशत ग्रामीण घरों में टैप वॉटर पहुंचाने का दावा है, लेकिन अब भी सुधार की बहुत जरूरत है। भारत ने 2047 तक विकसित देशों की कतार में खड़े होने का लक्ष्य रखा है, लेकिन पहले आम लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करना होगा। 2050 तक भारत की आबादी 1.7 अरब तक होने का अनुमान है और तब पानी के संसाधनों पर और दबाव पड़ेगा। देश को बेहतर वॉटर मैनेजमेंट के साथ सिस्टम को सुधारने की जरूरत है, तभी इस चुनौती का सामना किया जा सकता है।

इंदौर की घटना केवल शोक व्यक्त करने का विषय नहीं है, यह व्यवस्था परिवर्तन की पुकार है। यदि इसे भी एक दुर्भाग्यपूर्ण हादसा कहकर भुला दिया गया, तो कल किसी और शहर में, किसी और गली में, कोई और परिवार इसी पीड़ा से गुजरेगा। जनता को अब नारों, पुरस्कारों और रैंकिंग से संतुष्ट नहीं होना चाहिए।

# भालू जाग गए हैं, जनता सोई पड़ी है

सर्वमित्रा सुरजन

**कितनी** अजीब बात है कि देश में भालू जाग गए और जनता सोई पड़ी है। जनता को इस बात से कोई फर्क ही नहीं पड़ रहा है कि उसके साथ कुछ गलत हो रहा है तो वह जागे। हर वक्त, हर किसी के साथ सब कुछ सही नहीं होता। देश में पहले भी गलत होने पर जनता ने आवाज उठाई है। गुलामी के दौर से आजादी के मिलने के कई साल बाद तक देश में आंदोलन होते रहे। इन आंदोलनों में जनता का व्यापक हित गूंजता था। इसमें दलगत राजनीति भी हावी होती थी, फिर भी चेतना का एक माहौल नजर आता था।

उत्तराखंड से एक चौंकाने वाली खबर आई है। शीतकाल में कम से कम चार महीने गुफा में जाकर शीतनिद्रा (हाइबरनेशन) में जाने वाले भालू अब सो नहीं रहे हैं। मौसम के बदलने से और मनुष्य की बनाई गलत व्यवस्थाओं से उनके व्यवहार में बदलाव देखा जा रहा है। गौरतलब है कि हाइबरनेशन जानवरों द्वारा प्रतिकूल परिस्थितियों (जैसे अत्यधिक ठंड या भोजन की कमी) में ऊर्जा बचाने के लिए अपनाई जाने वाली एक गहरी निष्क्रियता की अवस्था है, जिसमें उनके शरीर का तापमान, हृदय गति और श्वसन दर नाटकीय रूप से धीमी हो जाती है, जिससे वे महीनों तक जीवित रह सकते हैं। वन्यजीव विशेषज्ञों का कहना है कि भालू पूरी सर्दी अपनी गुफा में ही व्यतीत करते हैं। लेकिन, इस बार वह शीत निद्रा में जाने की जगह आबादी वाले क्षेत्रों में रुख कर रहे हैं। इसका सीधा मतलब है कि उनकी नींद में गंभीर खलल पड़ रहा है। अब भालू आबादी वाले क्षेत्रों की तरफ बढ़ रहे हैं, तो इंसानों पर अपना गुस्सा भी निकाल रहे हैं। भालू पढ़े-लिखे नहीं हैं। नैतिक-अनैतिक की परिभाषाएं नहीं जानते। लेकिन वो इतना जानते हैं कि जब उनके साथ गलत हो तो उन्हें सोना नहीं है। अपनी गुफाओं से बाहर निकलना है और गलत करने वालों को उनकी भूल का अहसास कराना है। और फिर भी सामने वाला अपनी गलती न माने तो पंजों और दांतों का जो पैनापन प्रकृति ने उन्हें दिया है, उसका इस्तेमाल करना है, गलती करने वाले को अपनी आक्रामकता दिखानी है। जानवर है, लिहाजा हिंसा उसकी प्रकृति में है। इंसान को हिंसक नहीं होना चाहिए, लेकिन इतना कायर, संवेदनहीन, लाचार या निस्पंद भी नहीं होना चाहिए कि अपने साथ और अपने आस-पास वालों के साथ जो हो रहा है, उससे कोई फर्क ही नहीं पड़े।

कितनी अजीब बात है कि देश में भालू जाग गए और जनता सोई पड़ी है। जनता को इस बात से कोई फर्क ही नहीं पड़ रहा है कि उसके साथ कुछ गलत हो रहा है तो वह जागे। हर वक्त, हर किसी के साथ सब कुछ सही नहीं होता। देश में पहले भी गलत होने पर जनता ने आवाज उठाई है। गुलामी के दौर से आजादी के मिलने के कई साल बाद तक



देश में आंदोलन होते रहे। इन आंदोलनों में जनता का व्यापक हित गूंजता था। इसमें दलगत राजनीति भी हावी होती थी, फिर भी चेतना का एक माहौल नजर आता था। लेकिन 2011 से आंदोलनों का चरित्र भी बदल गया। अन्ना आंदोलन ने देश को जगाने के नाम पर ऐसा सुलाने का काम किया कि अब बुरे से बुरे हालात में भी दो-चार आवाजें सामने आती हैं। बाकी सब ऐसे मुंह में दही जमाकर बैठते हैं कि हमें क्या, हमारा तो कुछ नहीं बिगड़ रहा। शाहीन बाग आंदोलन और किसान आंदोलन देश में नहीं होते तो ऐसा लगता कि पूरा देश ही हाइबरनेशन में चला गया है। पता नहीं कौन से अच्छे दिनों की आस में हम अपनी ऊर्जा बचाने के लिए गहरी निष्क्रियता दिखा रहे हैं।

इस साल के ही कुछ उदाहरण देख लें। अप्रैल में पहलगाम में आतंकी हमला हुआ और बड़ी बेदर्दी से पर्यटकों को मार दिया गया। इसके बाद सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसमें सेना की काबिलियत से सफलता भी मिली। लेकिन इसे एकदम से रोक दिया गया क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि लड़ाई रोको वर्ना मैं व्यापार रोक दूंगा। ये बात एक नहीं पचास से ज्यादा बाद ट्रंप दोहरा चुके हैं। नरेन्द्र मोदी एक बार भी इसका प्रतिवाद नहीं कर पाए। और जनता को भी इससे कोई फर्क नहीं पड़ा कि दूसरे देश का राष्ट्रपति हमें निर्देश दे रहा है। ये हमारी संप्रभुता का अपमान था और हमने इसे बर्दाश्त किया, क्योंकि हम सो रहे हैं। अमेरिका के बाद अब चीन भी दावा कर रहा है कि उसने युद्धविराम करवाया। कायदे से मोदी सरकार को एक वैश्विक टेंडर निकाल देना चाहिए कि आओ भाई और किस-किस को युद्धविराम का श्रेय लेना है, हम सबको बराबरी का मौका देंगे। ये शुभकार्य अडानी या अंबानी किसी के जरिए हो तो कहने ही क्या।

खैर, विदेश नीति आम लोगों को जटिल लगती हो तो धर्म की बात कर लें। इस साल की शुरूआत में ही प्रयागराज के कुंभ में भगदड़ हुई और कितनी जानें गईं, इसकी कोई गिनती ही नहीं है, क्योंकि मानवीय गरिमा के नाते लाशों के साथ जो सम्मानजनक व्यवहार किया जाता है, वो भी यहां नदारद रहा। लाशों की गिनती कम करने के लिए आंकड़ों पर लीपापोती की गई, इससे मुआवजा हड़पने की सुविधा भी हुई। ऐसा ही हाल नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की भगदड़ पर भी रहा। इंसानी जिंदगी कीड़े-मकोड़ों की तरह कुचल कर खत्म हो गई, इतनी त्रासदी काफी नहीं थी जो उसके बाद सरकार के बढ़ाए एक बाबा ने कहा कि इससे उन्हें मोक्ष मिला होगा। क्या ऐसी बातें सुनकर भी सोया जा सकता है। लेकिन विडंबना देखिए समाज में गहरी निद्रा पसरी है। एक कुंभ की बात अगले कुंभ तक याद भी नहीं रखी जाती। इसी नींद का फायदा उठाते हुए अब धर्म के नाम पर आत्मघाती बनने की सलाह दी जा रही है। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर प्रताड़ना की खबरों के बाद गाजियाबाद में कुछ लोग बाकायदा घातक हथियार लोगों को घरों में जाकर बांट रहे थे ताकि हिंदू अपनी रक्षा कर सके, इसका वीडियो भी सामने आया। खुद को महामंडलेश्वर कहने वाले यति नरसिंहानंद गिरि ने कहा है कि तलवारें बांटने से कुछ नहीं होने वाला। अब तो हिंदुओं को आत्मघाती दस्ते बनाने चाहिए। हिंदुओं को बजरंगदल-फजरंगदल जैसे संगठन छोड़कर आईएस जैसा संगठन बनाना चाहिए। मोदीजी खुश हो सकते हैं कि हिंदुओं को उन्होंने आखिरकार जगा ही दिया। हालांकि उन्हें खुद पर शर्म भी आनी चाहिए कि उनके रहते लोग अपनी रक्षा के लिए खुद हथियार उठाने की बात कर रहे हैं। यानी लोगों को मोदी सरकार पर जरा भी भरोसा नहीं है। जिस पर भरोसा न हो उसे अगली बार सत्ता से हटाने के लिए लोगों का जागना जरूरी है। लेकिन अभी कानून और न्याय व्यवस्था का जागना जरूरी है। दिल्ली दंगों के आरोप में लगभग छह सालों से कैद उमर खालिद को आज तक जमानत नहीं मिली। दिल्ली पुलिस ने उमर खालिद पर दंगों की साजिश रचने और इसके लिए हथियार का इंतजाम करने जैसे गंभीर आ?ोप लगाए, हालांकि अब तक इसके लिए न सबूत दिए न उन्हें दोषी ठहराया जा सका है। फिर भी उमर जेल में हैं और लोगों को खुलेआम हथियार बांटने और आत्मघाती दस्ता बनाने के लिए उकसाने वाले लोग दादागिरी दिखा रहे हैं।

वैसे हिंदुओं को आत्मघाती बनने की जरूरत नहीं है, पहले से अंधभक्ति में काफी आत्मघात किया जा चुका है। सरकार की पूंजीपरस्त नीतियों के कारण जिन नौजवानों के हाथों से रोजगार छिन गए, जिन व्यापारियों के कारोबार चौपट हो गए वो मुसलमान, ईसाई से ज्यादा हिंदू हैं। महिलाओं के लिए देश बेहद असुरक्षित हो चुका है। छेड़खानी और बलात्कार का शिकार होने वाली लड़कियों का दर्द जाति और धर्म की चौहद्दियों में कैद कर नहीं देखा जा सकता। अंकिता भंडारी भी हिंदू थी और महिला पहलवान या उन्नाव पीड़िता भी हिंदू ही हैं। अंकिता भंडारी के आरोपियों में से एक भाजपा नेता का जन्मदिन अभी मनाया गया तो इसके विरोध में उत्तराखंड की पौड़ी से जिला पंचायत सदस्य किरन शर्मा नौगाई ने भाजपा से इस्तीफा दिया। किरण शर्मा ने लिखा कि अंकिता भंडारी प्रकरण में एक वीआईपी का नाम आ रहा है और मेरी ही पार्टी के लोग मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रहे हैं, वीआईपी को जन्मदिन की बधाई दे रहे हैं। यह सब देख कर मुझे शर्म आ रही है कि मैं किस दल से जुड़ी हूं। मेरी भी बेटी है और अंकिता भी मेरी बेटी थी, इसलिए आज अंकिता के इंसाफ के लिए मैं भाजपा की सदस्यता से इस्तीफा देती हूं। और मैं खुलकर उस बेटी की लड़ाई लड़ूंगी। अंकिता हम शर्मिंदा हैं, तेरे कातिल जिंदा हैं। बेटी के कातिलों के लिए गुस्से का इजहार करती एक महिला की नींद टूटी है, यह उम्मीद की किरण के समान है। लेकिन उम्मीदों को पंख तभी लगेंगे जब समाज में बड़े पैमाने पर नींद टूटने का सिलसिला चले। अभी बहुत सी चीजों का हिसाब-किताब बाकी है। अरावली जैसे कितनी प्राकृतिक धरोहरों का सौदा हुआ है, बैंकों से कितना धन लूट कर बाहर भेजा जा रहा है, एसआईआर के दुष्चक्र में कैसे लोकतंत्र को फंसा दिया गया है, संवैधानिक संस्थाओं की साख दांव पर क्यों लगाई गई है, मीडिया को गुलाम और पत्रकारों को कठपुतली बनाकर नचाने का खेल कौन खिला रहा है। ऐसे कई सवालों के जवाब जनता को मांगने चाहिए। संविधान की व्यवस्था में खलल डाला गया है, तो क्या जनता की नींद नहीं टूटनी चाहिए। क्या हमसे बेहतर और समझदार भालू हैं, जो प्राकृतिक विधान के भंग होते ही जाग गए हैं।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन, कड़ाके की ठंड में भी रही भीड़

अखंड भारत संदेश

**गाजीपुर । जन** समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील कासिमाबाद में अविनाश कुमार, की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा0 ईरज राजा की उपस्थिति में तहसील सभागार मे सम्पन्न हुआ। जिसमे 58 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए मौके पर 05 का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सातों तहसीलो की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 279 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 25 शिकायत/प्रार्थना पत्रो का निस्तारण किया गया।

इसी क्रम में तहसील सदर में 53 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें 01 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील मुहम्मदाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 43 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से 07 का मौके पर निस्तारण किया गया। जमानियॉ तहसील में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 40 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मैके पर 04 का निस्तारण किया गया। तहसील जखनियां में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 43 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 03



निस्तारण किया गया। तहसील सैदपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 15 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 02 का निस्तारण किया गया एवं तहसील सेवराई में तहसीलदार की अध्यक्षता में 27 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें 03 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आम जनमानस की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए कुछ शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कराया तथा शेष शिकायतों को सम्बंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि जमीनी विवाद और आपसी विवाद एक ही विषय से सम्बन्धित होते है इस लिए राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए विवादों का निस्तारण सुनिश्चित करें।

तहसील के समस्त लेखपालों को निर्देशित किया गया कि शिकायतकर्ता की छोटी-छोटी समस्याएँ जिनका तत्काल निस्तारण किया जा सकता है। उसके लिए किसी व्यक्ति को परेशान न किया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र सरोज, उपजिलाधिकारी कासिमाबाद, तहसीलदार कासिमाबाद, क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद एवं समस्त जनपदस्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कड़ाके की ठंड में उजड़ा आशियाना, आग ने छीन ली गरीब परिवार की पूरी गृहस्थी

अखंड भारत संदेश

**गाजीपुर। जनपद** के थाना कोतवाली मुहम्मदाबाद अंतर्गत आग ने गृहस्थी जलाकर खाक कर दी।

कभी मेहनत की कमाई से सजी एक झोपड़ी, चंद ही पलों में राख के ढेर में तब्दील हो गई। स्थानीय थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बच्छल-का-पुरा में अचानक लगी आग ने एक गरीब परिवार से उसकी पूरी गृहस्थी छीन ली। कड़ाके की ठंड के बीच परिवार के सिर से छत भी उजड़ गई, जिससे मासूम बच्चों की आंखों में डर और बेबसी साफ झलकने लगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुड़िया देवी, पत्नी सुखारी यादव, जो भारतीय दिव्यांग शक्ति संगठन की



तहसील अध्यक्ष हैं, किसी आवश्यक कार्य से तहसील आई हुई थीं। इसी दौरान उनके पति सुखारी यादव रोज की तरह मजदूरी करने गए थे। घर पर कोई नहीं था। तभी अचानक फोन पर सूचना मिली कि उनकी झोपड़ी में आग लग गई है। सूचना मिलते ही गुड़िया देवी बदहवास हालत में गांव की ओर दौड़ीं, लेकिन जब तक वह पहुंचीं, तब तक आग सब कुछ निगल चुकी थी। वर्षों की मेहनत से जुटाया गया घरेलू सामान, कपड़े, अनाज और जरूरी दस्तावेज सब जलकर खाक हो चुके थे।

# निर्धारित समयावधि के अंदर करें जनसमस्याओं का निराकरण : डीएम

## समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनी समस्याएं

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** जिले की विभिन्न तहसीलों में सोमवार को तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। समाधान दिवस में भूमि विवाद, राजस्व से संबंधित प्रकरण, पारिवारिक विवाद, पेंशन, राशन कार्ड, विद्युत आपूर्ति, पुलिस से जुड़ी शिकायतें एवं अन्य जनहित से जुड़े मामलों पर फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखीं।

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में तहसील सभागार कर्वी में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित करें। कहा कि जिन प्रकरणों में स्थलीय निरीक्षण आवश्यक है, उनमें संबंधित विभागों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर मौके पर जाकर समस्या का समाधान किया जाए। उप जिलाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि भूमि सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व, चकबंदी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को भेजकर निस्तारण कराएं। कहा कि भूमि विवादों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि महिलाओं से संबंधित शिकायतों का निस्तारण संवेदनशीलता, तत्परता एवं प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा पीड़ितों को समय से न्याय सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान प्राप्त कुल 54 प्रार्थना पत्रों में से 10 का निस्तारण मौके पर किया गया। साथ ही उपस्थित सभी अधिकारियों को डीएम ने बाल विवाह न होने देने को लेकर शपथ भी दिलाई। इस मौके पर उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, उप जिलाधिकारी न्यायिक सौरभ यादव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

इसी प्रकार मानिकपुर तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी चन्द्रशेखर एवं अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राप्त कुल 13 प्रार्थना पत्रों में से एक का निस्तारण मौके पर किया गया। साथ ही अन्य प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए एडीएम व एएसपी ने सम्बन्धितों को निर्देशित किया।

इसके अलावा राजापुर तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में प्राप्त कुल 24 प्रार्थना पत्रों में से पांच का निस्तारण मौक पर किया गया तथा तहसील सभागार मऊ में आयोजित समधान दिवस में प्राप्त कुल 27 प्रार्थना पत्रों में से चार निस्तारण मौके पर किया गया।



# सीएम आरोग्य स्वास्थ्य मेले में किया गया मरीजों का इलाज

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** आमजनमानस को बेहतर उपचार मुहैया कराने के दृष्टिगत जनपद के 28 ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व एक शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 920 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी गयी।

जनपद के ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों व शहरी प्राथमिक केन्द्र में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में कुल 37 चिकित्सकों व 88 पैरामेडिकल कर्मियों द्वारा 443 पुरुष, 311 महिला एवं 166 बच्चों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गई। जिसमें 23 आंख, 162 बुखार, 146 त्वचा, 108 सांस, 51 मधुमेह, 79 गैस्ट्रो व 54 हाइपरटेन्शन आदि के मरीजों का इलाज किया गया। साथ ही 54 मलेरिया, चार डेंगू व 26 ए.एन.सी. की जांच की गयी। मेलें में सात गोल्डेन कार्ड भी बनाये गये। इस दौरान ग्रामीणों को संचारी रोग, फाईलेरिया, कुष्ठ रोग, क्षयरोग, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, किशोर स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, आयुष्मान भारत-गोल्डेन कार्ड व जननी सुरक्षा योजना से संबंधित सेवाएं दी गयीं तथा इनसे सम्बन्धित प्रर्दशनी व स्टाल भी लगाये गये। जनपद के स्वास्थ्य केन्द्रों में आयोजित इन आरोग्य मेलों का जनपद स्तर से नामित नोडल अधिकारियों द्वारा निरीक्षण भी किया गया।

### समस्या निस्तारण की मांग

**चित्रकूट।** भाजपा के पहाड़ी मण्डल मंत्री हिमांशु मिश्रा ने उच्चाधिकारियों को भेजे शिकायती पत्र में कहा है कि पहाड़ी ब्लाक के अशोह गांव में प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के काम में लापरवाही कि जा रही है । गांव में जलापूर्ति शुरू की गई थी, किन्तु पिछले 25 दिनों से पेयजल आपूर्ति बंद है। ग्रामीणों द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्या की जानकारी दी जा चुकी है । किन्तु कोई सुनवाई नही हो रही है । उन्होने समस्या निस्तारण कराने की मांग की है।

### आज होगी बैठक

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति सभापति किरण पाल सिंह के नेतृत्व में जनपद का दौरा करेगी। समिति लखनऊ से सोमवार को जनपद पहुंची। यहां रात्रि विश्राम के बाद छह जनवरी मंगलवार को समिति के सदस्य जनपद चित्रकूट व बांदा के कलेक्टरेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद यहां से जनपद हमीरपुर के लिए प्रस्थान करेगी।

# चित्रकूट में 6 जनवरी से अनिश्चितकालीन सत्याग्रह : भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष करेंगे अन्न-जल त्याग



**चित्रकूट।** भारतीय किसान यूनियन आजाद हिंद संगठन ने अपनी जनसमस्याओं को लेकर एक बड़े आंदोलन की घोषणा की है। संगठन ने प्रशासन पर किसानों की मांगों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए 6 जनवरी 2026 से तहसील सदर परिसर, चित्रकूट में अनिश्चितकालीन सत्याग्रह धरना-प्रदर्शन शुरू करने का ऐलान किया है। इस आंदोलन में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वयं अन्न और जल का पूर्ण त्याग कर सत्याग्रह पर बैठेंगे।

संगठन के जिला अध्यक्ष राजाराम पाण्डेय के नेतृत्व में किसान यूनियन ने 17 दिसंबर 2025 को किसान दिवस पर जनपद से जुड़ी 11 सूत्रीय जन समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा था। संगठन का कहना है कि ज्ञापन देने के बाद प्रशासन से कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन न तो कोई संवाद हुआ और न ही समस्याओं का समाधान। ज्ञापन में स्पष्ट चेतावनी दी गई थी कि तय समय सीमा में कार्रवाई न होने पर आंदोलन किया जाएगा।

15 दिन से अधिक समय बीत जाने के बावजूद मांगों पर कोई निर्णय न होने के कारण संगठन ने राष्ट्रीय स्तर पर सत्याग्रह आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया है। इस आंदोलन में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से किसान चित्रकूट पहुंचेंगे।

संगठन ने मांग की है कि अन्न-जल त्याग पर बैठने वाले पदाधिकारियों का हर चार घंटे में स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए और नियमित स्वास्थ्य बुलेटिन जारी किया जाए। इस बीच, संगठन ने जनपद में अवैध खनन और अवैध परिवहन के खिलाफ आवाज उठाने के बाद गंभीर आरोप भी लगाए हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष का कहना है कि खनन माफियाओं और उनसे जुड़े लोगों द्वारा उन्हें जान से मारने की धमकियां दी गई हैं। इन धमकियों की ऑडियो रिकॉर्डिंग और अन्य साक्ष्य उनके पास मौजूद हैं, जिन्हें संबंधित थानों और उच्च पुलिस अधिकारियों तक भेजा जा चुका है। आरोप है कि मामले को दबाने के लिए प्रलोभन देने के प्रयास भी किए गए।

संगठन ने प्रशासन से आंदोलन के दौरान राष्ट्रीय कार्यकारिणी, पदाधिकारियों और कार्यकताओं को समुचित सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि सत्याग्रह के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना होती है, तो इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया गौशालाओं का निरीक्षण



अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल ने सोमवार को विकासखण्ड मऊ की ग्राम पंचायत हटवा व विकासखण्ड रामनगर की ग्राम पंचायत देंउधा स्थित स्थाई गौआश्रय केन्द्र का निरीक्षण किया गया। यहा सीडीओ ने गौवंशों के भरण-पोषण व रख-रखाव के लिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही गौवंशों को खिलाए जा रहे भूसा आदि की वास्तविक स्थिति के आधार पर भुगतान करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पशुचिकित्साधिकारी आर.एस. गौतम एवं ग्राम पंचायत सचिव दुर्गेश नन्दन पाण्डेय मौके पर उपस्थित पाए गए। इनके अलावा दो केयरटेकर एवं एक सफाई कर्मी भी मौके पर उपस्थित पाए गए। सीडीओ ने पाया कि गौशाला में लगभग 172 गोवंश संरक्षित है। गौशाला में भूसे के लिए शेड में 100 कुन्तल भूसा भंडारित पाया गया। साथ ही गोवंशों के लिए पीने के पानी व ठण्ड से बचाव के तिरपाल की व्यवस्था पायी गयी। गौवंश के लिए केवल दो बोरी पशु आहार उपलब्ध पाया गया। साथ ही साफ-सफाई भी संतोषजनक नहीं पाई गई। ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि गौशाला में दो सोलर लाइटें लगाई जानी है, जिनका प्रस्ताव नेडा को भेजा गया हैं। बताया कि गौशाला में उपलब्ध जनरेटर खराब होने के कारण प्राइवेट ट्यूबवेल से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। इस पर सीडीओ ने खराब जनरेटर को तत्काल ठीक कराने व गौवंशों के भरण पोषण के लिए सभी व्यवथाएं सुनश्चित कराने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार सीडीओ ने विकासखण्ड रामनगर की ग्राम पंचायत देंउधा स्थित स्थाई गौआश्रय केन्द्र का भी निरीक्षण किया। यहां भी खण्ड विकास अधिकारी राजेश कुमार तिवारी एवं ग्राम पंचायत सचिव ज्ञानेन्द्र सिंह सहित छह केयरटेकर मौके पर उपस्थित पाए गए तथा गौशाला में लगभग 354 गोवंश संरक्षित पाए गए। यहां सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गई। संरक्षित से अधिकांश गौवंशों के कान में टैग न पाए जाने पर शत-प्रतिशत टैग करने के निर्देश दिए तथा गौशाला में अतिशीघ्र सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। गौशाला में एक गौवंश के बीमार पाए जाने पर उचित उपचार के लिए पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया।

# सुभाष चैलेंज कप में सीतापुर ने झांसी को 59 रनों से हराया

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म स्मृति में चल रहे अखिल भारतीय क्रिकेट टूनार्मेंट सुभाष चैलेंज कप के ग्रुप सी का दूसरा लीग मैच सोमवार को सीतापुर (चित्रकूट) और ग्वालियर के बीच खेला गया। मैच का शुभारंभ दोनों टीमों के खिलाडियों का हाथ मिलवाकर कराया गया। सीतापुर (चित्रकूट) की टीम ने पहले टॉस जीत कर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया तथा निर्धारित 30 ओवर में नौ विकेट खो कर 202 रन बना कर 203 रनों का लक्ष्य ग्वालियर को दिया। सीतापुर की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए विशाल ने 27 गेंदों में 43 और ऋषभ ने 44 गेंदों में 50 रन बनाए। ग्वालियर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए मंश ने छह ओवर में 16 रन देकर दो विकेट और गजेंद्र ने छह ओवर में 42 रन देकर तीन विकेट लिए। 203 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ग्वालियर की टीम 26.3 ओवर में मात्र 143 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। ग्वालियर की तरफ से बल्लेबाजी करने उतरे अभिषेक ने 25 गेंदों में 29 और आदित्य ने 39 गेंदों में 24 रन बनाए। सीतापुर की तरफ से गेंदबाजी करने आए विशाल ने पांच ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट व सिद्धार्थ ने तीन ओवर में 11 रन देकर दो विकेट लिए। सीतापुर ने इस मुकाबले को 59 रन से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच विशाल यादव को चुना गया। मैच के अंपायर समसुद्दीन खान व अनुराग, स्कोरर सौरभ नाहर व दीपक तथा कमेंट्रेटर लोकेश ठाकुर रहे।

इस मौके पर पूर्व सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव, भाजपा प्रदेश परिषद सदस्य सुशील कुमार सिंह, बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक रमाशंकर मिश्र, क्लब के एस.के. कमल, विजय भारद्वाज, इरफान खान, हिमांशु, करन पटेल, अनुराग आदि मौजूद रहे। ग्रुप सी क्वार्टर फाइनल मुकाबला मंगलवार को झांसी और सीतापुर के बीच खेला जाएगा।

# एक महीने बंद रहेंगी नहरें



**चित्रकूट।** अधिशासी अभियंता लघु डाल नहर खंड बांदा ने बताया कि जनपद में संचालित सोनपुर पंप नहर, बनकट पंप नहर, पश्चिम पताई पंप नहर एवं लामियारी पंप नहर में आधुनिकीकरण परियोजना के अंतर्गत सीसी लाइनिंग एवं मरम्मत कार्य कराया जाना है। बताया कि सीसी लाइनिंग व मरम्मत कार्य के दृष्टिगत सोनपुर व बनकट पंप नहरों का संचालन आगामी 15 जनवरी से 15 फरवरी तथा पश्चिम पताई व लामियारी पंप नहरों का संचालन 12 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक बंद रहेगा।

# प्रभारी अधिकारी नामित

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत गेहूं खरीद प्रक्रिया के सतत अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण के लिए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व चित्रकूट को प्रभारी अधिकारी गेहूं खरीद नामित किया गया है। अब गेहूं खरीद का कार्य शासन के निदेशानुसार एडीएम द्वारा संपादित कराया जाएगा। इससे सम्बन्धित सूचना के लिए एडीएम के सीयूजी नंबर 945417603 पर संपर्क कर सकते है।

# दोनों देश रिश्तों और सहयोग की करेंगे समीक्षा

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार शनिवार को बीजिंग के लिए रवाना हुए। वे 4 जनवरी को होने वाले पाकिस्तान-चीन विदेश मंत्रियों के रणनीतिक वार्ता के सातवें दौर की सह-अध्यक्षता करेंगे।विदेश कार्यालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि डार चीनी विदेश मंत्री वांग यी के निमंत्रण पर चीन जा रहे हैं। बयान में यह भी कहा गया है कि वे 2026 में चीन की यात्रा करने वाले पहले विदेशी गणमान्य व्यक्ति होंगे। रणनीतिक वार्ता की संयुक्त अध्यक्षता डार और वांग यी करेंगे।

विदेश कार्यालय ने कहा कि आगामी वार्ता में पाकिस्तान और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों की व्यापक समीक्षा की जाएगी, सहयोग बढ़ाने के अवसरों का पता लगाया जाएगा और साझेदारी के नए रास्ते तलाशे जाएंगे। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, इन वाताओं से दोनों देशों की "हर मौसम में कायम रहने वाली रणनीतिक सहयोगात्मक साझेदारी" को और मजबूती मिलने की उम्मीद है, जिसे लंबे समय से क्षेत्रीय कूटनीति का आधार माना जाता रहा है।




इससे पहले, विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान-चीन विदेश मंत्रियों के रणनीतिक संवाद को दोनों देशों के बीच सर्वोच्च स्तरीय परामर्श मंच बताया था। यह मंच द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं का आकलन करने के लिए एक व्यवस्थित मंच प्रदान करता है, साथ ही साझा हित के क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर चर्चा करने में भी सक्षम बनाता है। संवाद के दौरान, दोनों पक्षों द्वारा पाकिस्तान और चीन के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कई पहलों और स्मारक कार्यक्रमों की घोषणा किए जाने की उम्मीद है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्षगांठ को दशकों के घनिष्ठ राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक संबंधों का प्रतीक माना जा रहा है।

विदेश मंत्रालय ने आगे कहा कि दार की यात्रा इस्लामाबाद और बीजिंग के बीच नियमित उच्च स्तरीय आदान-प्रदान का हिस्सा है और दोनों देशों के बीच साझेदारी को और व्यापक और गहरा बनाने के साझा संकल्प को रेखांकित करती है।

यह यात्रा क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान और चीन की पारस्परिक प्रतिबद्धता की भी पुष्टि करती है।

## जिसके पास हैं दुनिया के सबसे बड़े ऑयल रिजर्व्स, वहां की 90% आबादी भूख से क्यों बिलख रही?

**वेनेजुएला**

**एक** ऐसा देश है जिसके पास दुनिया के सबसे बड़े अल रिजर्व्स हैं रूस के मुकाबले वेनेजुएला के रिजर्व्स चार गुणा ज्यादा हैं और इतना सारा तेल आज अगर किसी भी देश में है तो ये इमैजिन की जा सकती है कि वहां बड़ी-बड़ी बिल्डिंग होगी। लोग बहुत आराम से रह रहे होंगे और ग्लोबल पॉलिटिक्स में उनका बहुत बड़ा रोल होगा। लेकिन वेनेजुएला में ऐसा कुछ नहीं है। वहां अराजकता फैली हुई है। लोग खाने के लिए भूखे मर रहे हैं और इकोनॉमी वेंटिलेटर पर पड़ी है। ऐसे में आइए जानते हैं कि आखिर क्या हुआ, क्यों इतना तेल होने के बावजूद वेनेजुएला इतना गरीब है।



वेनेजुएला में जुर्म और अपराध का इजाफा

पिछले तीन सालों में वेनेजुएला में जुर्म और अपराध इतना ज्यादा बढ़ा है कि वेनेजुएला की कैपिटल क्राकस दुनिया की मोस्ट डेंजरस सबसे ज्यादा खतरनाक सिटीज की लिस्ट में नंबर वन पर है। आप देख सकते हैं मेक्सिको की भी काफी जो बदनाम सिटीज हैं उनको भी पीछे छोड़ते हुए क्राकस दुनिया की सबसे डेंजरस सिटी बन गया है। पूरे वेनेजुएला में लोग अबडक्शन के, ब्लैकमेलिंग के और ह्यूमन राइट्स वायलेशन के केसेस देख रहे हैं। उस सब के अलावा हाई इनफ्लेशन की वजह से लोग बेसिक सामान जैसे खाना, कपड़े, पानी वो तक नहीं खरीद पा रहे।

वेनेजुएला की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार तेल है, हालांकि इसका उत्पादन मॉडल बहुत विविध नहीं है।

## हाथ काट देंगे...अमेरिका-ईरान में 'धमकियों का वॉर', सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव और ट्रंप भिड़े

**अमेरिका**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर ईरान में और प्रदर्शनकारियों की हत्या होती है तो वाशिंगटन जवाबी कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार है। यह बयान ईरान में महंगाई को लेकर हो रहे प्रदर्शनों के हिंसक रूप लेने के बाद आया है। ईरान के कई शहरों में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प हुई, जिसमें छह लोगों के मारे जाने की खबर है। अशांति बढ़ने के बाद ये पहली मौतें हैं। इन प्रदर्शनों के बीच ट्रंप और ईरानी शीर्ष अधिकारियों के बीच तीखी बयानबाजी हुई है। ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ईरान ने शातिपूर्ण प्रदर्शनकारियो की हिसक हत्या की, तो अमेरिका हस्तक्षेप करेगा। इसके जवाब में ईरान की सुप्रीम नैशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव अली लारीजानी ने कहा कि अमेरिका के लोगों को पता होना चाहिए कि ट्रंप ने दुस्साहस शुरू किया है। उन्हें अपने सैनिको का ख्याल रखना चाहिए। सुप्रीम लीडर खामेनेई के सलाहकार अली शामखानी ने चेतावनी दी कि कोई भी दखल देने वाला हाथ जो ईरान की सुरक्ष के बहुत करीब आएगा, उसे काट दिया जाएगा। ईरानियों ने अच्छे से देखा है कि वर ने कैसे गाजा से अफगानिस्तान तक लोगों को बचाया।



ईरान में प्रदर्शन

आर्थिक मुद्दे से शुरू हुए ये प्रदर्शन अब सीधे तौर पर ईरान की धार्मिक सत्ता के खिलाफ नारेबाजी तक पहुंच गए है। ईरान के कई शहरों और गांवों में प्रदर्शन हो रहे हैं। खासकर ग्रमीण और छोटे शहरों में, जहां लुर समुदाय रहता है, वहां गुस्सा ज्यादा देखने को मिल रहा है। जून में इस्राइल के साथ हुए 12 दिन के युद्ध और अमेरिकी हमलों के बाद से ईरान पहले ही दबाव में है। एक्सपर्ट मान रहे हैं कि बढ़ते विरोध प्रदर्शन बड़ी चुनौती बन सकते हैं।

ईरान की सरकार क्या कह रही है?

ईरान की सरकार मान रही है कि विरोध की वजह आर्थिक तंगी है। राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने कहा है कि सरकार लोगो की बात सुनना चाहती है. लेकिन मुद्रा पर काबू पाना मुश्किल हो रहा है। सुरक्षा बलों ने कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया है और हथियार जब्त करने का दावा किया है। 2022 में महसा अमिनी की मौत के बाद हुए प्रदर्शनौ के समय कई पत्रकारो को गिरफ्तार किया गया था, तभी स्थानीय मीडिया डर से खुलकर रिपोटिंग नहीं कर रहा। सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई के एडवाइजर अली शामखानी ने चेतावनी देते हुए कहा, 'ईरान की सुरक्षा में दखल देने वाले हाथ को काट दिया जाएगा।

## वेनेजुएला के राष्ट्रपति को ट्रंप की सेना ने दबोचा, तुरंत एक्शन में आया रूस, इधर चीन ने बुलाई आपात बैठक

**अमेरिका**

**पिछले** कुछ दिनों से अमेरिका और वेनेजुला के बीच तनाव बना हुआ था। अब उसने एक नए युद्ध की ओर मोड़ ले लिया है। अमेरिका ने वेनेजुएला पर ह्यबड़े पैमाने पर हमला किया। अमेरिका ने इसे एक असाधारण रात्रिकालीन अभियान बताया जिसकी घोषणा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमले के कुछ घंटों बाद सोशल मीडिया पर की। राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के कार्यालय ने वेनेजुएला में आपातकाल की घोषणा कर दी है। खबर फैलते ही, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर कहा कि निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़ लिया गया है और वेनेजुएला से बाहर ले जाया गया है। वेनेजुला के बड़े मिलिट्री बेस पर अटैक किया गया है। इन भीषण धमाकों के बाद पूरे वेनेजुला में भगदड़ मच गई है। चारों तरफ चीख पुखार और धुआं ही धुआं नजर आ रहा है। बत्ती गुल हो गई है। अमेरिकी मिसाइलों के हमलों से कई बड़े शहरों में भारी तबाही देखने को मिल रही है।



रूस का आया बयान

हाल ही में रूस ने कैरेबियन सागर में अमेरिका की बढ़ती गतिविधियों की आलोचना की थी और वेनेजुला को पूरा समर्थन देने का ऐलान किया था। इसके अलावा रूस की ओर से सैन्य सहायता देने की भी बातें कही जा रही हैं। रूस के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को वेनेजुएला के खिलाफ अमेरिका द्वारा की गई सशस्त्र आक्रामकता की निंदा की और संयम बरतने का आग्रह करते हुए राजधानी काराकास में तड़के हुए सिलसिलेवार विस्फोटों के बाद स्थिति को और बिगड़ने से रोकने की चेतावनी दी।

## ड्रग्स बहाना, असली मकसद तेल का खजाना, नहीं झुका वेनेजुएला तो अमेरिका ने किया खेला

**अमेरिका**

**2025** वैश्विक मंच पर ट्रंप की एकतरफा नीतियों का चरम था। दुनिया ट्रंप को कुछ ज्यादा ही गंभीरता से ले रही थी, लेकिन वह स्टेट्समैन कम और रीयल एस्टेट सेल्समैन ज्यादा हैं। उन्होंने धमकी तो बेहद ऊंचे टैरिफ की दी, मगर सौदेबाजी करते हुए इसे कम करते गए। जैसे-जैसे राष्ट्रपति अपनी शक्ति पर लगाए जा रहे प्रतिबंधों से निराश होते जाएंगे, वे ऐसे क्षेत्रों में हिंसक कार्रवाई कर सकते हैं जिससे उनकी अपेक्षा से कहीं अधिक अस्थिरता उत्पन्न हो सकती है—उदाहरण के लिए, निकोलस मादुरो के वेनेजुएला के खिलाफ।

ट्रंप रूस, यूक्रेन, भारत, बांग्लादेश, यूरोप, खाड़ी देशों सभी को ब्लैकमेल कर रहे हैं। किसी को टेरिफ की धमकी दे रहे हैं तो किसी को हथियारों की। वेनेजुएला पर अमेरिका ने हथियारों का इस्तेमाल किया है। अमेरिका वेनेजुएला के तेल भंडारों को लूटने के लिए वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सत्ता से हटाना चाहता है। अमेरिका ने वेनेजुएला के ऑयल एक्सपोर्ट्स पर भी सेंशंस लगा दिए। अब अमेरिका की तरफ से वेनेजुएला पर हमले की खबर सामने आ गई है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि यह हमला क?यों किया गया है और अमेरिका-वेनेजुएला के बीच तनाव क्यों है?

ट्रंप, वेनेजुएला के लाखों प्रवासियों के अमेरिका पहुंचने के लिए मादुरो को दोषी ठहराते हैं।

## जयशंकर के हैंडसेक पर पाकिस्तानी स्पीकर ने क्या दावा किया?



**पाकिस्तान**

**भारत** के विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर और पाकिस्तान के स्पीकर अयास सादिक का हाथ मिलाना भारत में एक बड़ा मुद्दा बन चुका है। यह तस्वीर ढाका में 31 दिसंबर को हुई एक मुलाकात के दौरान ली गई और जैसे ही यह सामने आई, भारत में इसके बारे में बहस शुरू हो गई। काफी समय से भारत और पाकिस्तान के रिश्ते काफी तनावपूर्ण रहे हैं और ऐसे में यह सवाल उठना लाजमी था कि क्या भारत के विदेश मंत्री को पाकिस्तान के स्पीकर से इस तरह मिलना चाहिए था? विवाद के बीच पाकिस्तान के स्पीकर अयाज सादिक ने भी एक बड़ा दावा किया। अपने बयान में अब सादिक ने कहा कि जयशंकर खुद मेरे पास आए। मुस्कुराते हुए मुझसे हाथ मिलाया और कहा कि मुझे अपना परिचय देने की जरूरत नहीं है क्योंकि वह पहले ही जानते थे कि मैं कौन हूं। इस मुलाकात ने भारत में यह सवाल भी खड़ा कर दिया कि जब खेल के मैदान पर हमारे क्रिकेटर्स ने भी पाकिस्तानी क्रिकेटर्स के साथ हाथ नहीं मिलाया तो क्या इस तरह से भारत के विदेश मंत्री को पाकिस्तानी स्पीकर से हैंडशेक करना चाहिए था। आपको बता दें बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए ढाका आए विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने पाकिस्तान की राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष अयाज सादिक से मुलाकात की। इस मुलाकात की तस्वीरें बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने साझा कीं।

तस्वीर के कैप्शन में लिखा था, पाकिस्तान की राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष सरदार अयाज सादिक ने बुधवार को ढाका में बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के अंतिम संस्कार से पहले भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से अभिवादन का आदान-प्रदान किया।

## ठंडे बस्ते में पड़े SAARC को फिर से जीवित करने की यूनुस क्यों करने लगे मांग

**बांग्लादेश**

**दक्षिण** एशिया की क्षेत्रीय राजनीति में एक बार फिर हलचल दिखने लगी है। वर्षों से निष्क्रिय पड़े दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय समूह को लेकर नई चचाएं तब तेज हुई, जब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि सार्क की भावना जिंदा है। सवाल यह है कि क्या भारत के बिना सार्क जैसी किसी क्षेत्रीय सोच की कोई प्रासंगिकता बचती है, या यह सिर्फ कूटनीतिक बयानबाजी भर है? दरअसल, बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने इस सप्ताह दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन मंच को पुनर्जीवित करने पर जोर दिया। उन्होंने भारत, पाकिस्तान और क्षेत्र के अन्य हिस्सों के गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात की थी। सार्क 2016 से ही निष्क्रिय पड़ा है, जब भारत द्वारा पाकिस्तान पर आतंकवादी हमले का आरोप लगाने के बाद इस्लामाबाद शिखर सम्मेलन से हटने के कारण यह सम्मेलन रद्द हो गया था। इस्लामाबाद ने इसमें संलिप्तता से इनकार किया, लेकिन नई दिल्ली के इस फैसले के बाद अफगानिस्तान, बांग्लादेश और भूटान ने भी इससे अपना नाम वापस ले लिया, जिसके परिणामस्वरूप शिखर सम्मेलन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया। यूनुस ने बुधवार को ढाका में बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के राजकीय अंत्येष्टि समारोह में पाकिस्तान की राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष अयाज सादिक और भारतीय विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर से मुलाकात की। अंत्येष्टि समारोह में भारतीय और पाकिस्तानी प्रतिनिधियों ने हाथ मिलाया। मई में हुए संघर्ष के बाद दोनों देशों के अधिकारियों के बीच यह पहला उच्च स्तरीय संपर्क था।



सार्क या ऐसे किसी क्षेत्रीय संगठन को लेकर उठ रही सुगबुगाहट एकदम से शुरू नहीं हुई है। इस तरह की चचाएं उस वक्त भी सामने आई थी, जब जून में चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश ने त्रिपक्षीय बैठक की थी। सार्क समूह में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल है। अपने शुरूआती वर्षों में इसे दक्षिण एशिया की आवाज की तरह देखा जाता था। 2016 में इसकी मीटिंग इस्लामाबाद में होनी थी, लेकिन उरी हमले के बाद भारत ने इस समिट में शामिल होने से इनकार कर दिया था।

पाकिस्तान सार्क जैसा एक गुट बनाने की कोशिशों में लगा है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार कह चुके हैं कि पाकिस्तान भारत के बगैर एक क्षेत्रीय संगठन बनाना चाहता है। इस साल फरवरी में बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन ने ओमान में जयशंकर के साथ हुई बैठक में सार्क का मुद्दा उठाया था।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI NO. UPHIN/2001/09025

प्रबन्धक

अनूप मिश्रा

ऑफिस मो.:

9565333000

Email:

akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

## मेरे दोस्त मादुरो को तुरंत रिहा करो वरना...अमेरिका को तानाशाह किम जोंग की सीधी चेतावनी

**अमेरिका**

**राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को घोषणा की कि अमेरिका ने वेनेजुएला पर हमला कर उसके लंबे समय से सत्ता में काबिज निरंकुश राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पद से हटा दिया है। 1989 में पनामा पर आक्रमण के बाद लैटिन अमेरिका में वाशिंगटन का यह सबसे सीधा हस्तक्षेप है। ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पोस्ट में कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने वेनेजुएला और उसके नेता, राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ सफलतापूर्वक एक बड़ा हमला किया है। मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़ लिया गया है और देश से बाहर भेज दिया गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम वेनेजुएला के लोगों के साथ अपनी एकजुटता की पुष्टि करते हैं और देश के राष्ट्रीय हितों और संप्रभुता की रक्षा के लिए उसके बोलिवेरियन नेतृत्व द्वारा अपनाए गए मार्ग के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करते हैं।

अमेरिका के हमले के बाद रूस, चीन भी हरकत में आ गए हैं। रूस की तरफ से बयान जारी किया गया है। रूस के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को वेनेजुएला के खिलाफ अमेरिका द्वारा की गई सशस्त्र आक्रामकता की निंदा की और संयम बरतने का आग्रह करते हुए राजधानी काराकास में तड़के हुए सिलसिलेवार विस्फोटों के बाद स्थिति को और बिगड़ने से रोकने की चेतावनी दी। वहीं चीन ने आपातकात मीटिंग बुलाई। इन सब के बीच नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन का भी बयान सामने आया है। किम जोंग उन ने अमेरिका को सीधी धमकी दे डाली है। उत्तर कोरियाई तानाशाह ने कहा कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति को तुरंत रिहा किया जाए। इसके साथ ही अमेरिका को धमकाते हुए किम जोंग ने कहा कि ऐसा नहीं करने पर गंभीर वैश्विक परिणाम होंगे।



निकोलस मादुरो पर न्यूयॉर्क में मुकदमा चलेगा

अमेरिकी अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी ने खुलासा किया कि "गिरफ्तार" वेनेजुएला के राष्ट्रपति पर न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले में अभियोग लगाया जाएगा। मादुरो पर मादक पदार्थों से संबंधित आतंकवाद की साजिश रचने, कोकीन आयात की साजिश रचने, मशीनगन और विनाशकारी उपकरण रखने और अमेरिका के खिलाफ मशीनगन और विनाशकारी उपकरण रखने की साजिश रचने के आरोप हैं। उन्हें जल्द ही अमेरिकी धरती पर अमेरिकी अदालतों में अमेरिकी न्याय के पूरे प्रकोप का सामना करना पड़ेगा। पूरे अमेरिकी न्याय विभाग की ओर से, मैं राष्ट्रपति ट्रम्प को अमेरिकी जनता की ओर से जवाबदेही की मांग करने का साहस दिखाने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं, और हमारे बहादुर सैनिकों को भी बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने इन दो कथित अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करों को पकड़ने के अविश्वसनीय और बेहद सफल अभियान को अंजाम दिया।

मादुरो पर अमेरिका में मुकदमा चलेगा

रिपब्लिकन सीनेटर माइक ली ने बीबीसी को बताया कि विदेश मंत्री मार्को रुबियो से फोन पर बातचीत के बाद उन्हें पता चला है कि मादुरो पर अमेरिकी आपराधिक अदालतों में मुकदमा चलेगा। हालांकि, यह कहा जा रहा है कि अमेरिका वेनेजुएला के खिलाफ कोई और कार्रवाई नहीं करेगा। ली ने आगे कहा कि मादुरो के अमेरिकी हिरासत में होने के बाद रुबियो को वेनेजुएला में कोई और कार्रवाई की उम्मीद नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि गिरफ्तारी वारंट को लागू करने में मदद के लिए सैन्य कार्रवाई की गई थी। दिन की शुरूआत में, ली ने सवाल उठाया कि क्या सैन्य कार्रवाई संवैधानिक थी।